CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम : 22°C

देहरादून, रविवार 17 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 279 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 29 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकारः मायावती पेज 2



डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा खेल टाइम्स



चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी पेज 11



विजय थलापति का नाम सुन शरमाईं तृषा कृष्णन बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी भाषण मामले में आजम खां को दो साल की सजा



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा है। आरोप है कि मोहम्मद आजम खां ने मंच से प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषकर तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पाक तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास काः उपेंद्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही।

### डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या पर 558 करोड़ रुपये का इनाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रम्प की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब 558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नाम की योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। ए टारगेट किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे की बढ़ी मुश्किलें

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोक्सो मामले में घिरे भगीरथ के खिलाफ साइबराबाद पुलिस ने लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। पुलिस ने यह कदम उनके देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते उठाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी भगीरथ को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में बंदी भगीरथ को तेलंगाना हाईकोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है।

# तीसरे व चौथे बच्चे के जन्म पर नकद पैसा देगी आंध्र सरकार

**श्रीकाकुलम, वार्ता**

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी। नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26





■ राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत, कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ाः सीएम चंद्रबाबू नायडू

हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा। तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है। नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं। नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। शाह ने कहा कि मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50 फीसदी वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33 फीसदी आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50 फीसदी वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

# अब चांदी के आयात पर लाइसेंस लेना जरूरी

## आयात पर प्रतिबंध का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है। सरकार ने चांदी के आ यात को फ्री केटिगरी से प्रतिबंधित केटिगरी में डाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते चांदी पर आयात में प्रतिबंध का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना माना जा रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और





■ कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला

■ 13 मई को चांदी के आयात पर 6% शुल्क को बढ़ाकर किया था 15%

प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है, जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी। चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी। इन दोनों कदमों से देश में कीमती धातुओं का आयात महंगा हो जाएगा। यह सरकार का एक और महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय है।

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशकः मोदी

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है।

दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी- हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है, जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग

■ पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले, तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी- हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं।

## मोदी पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या जवाबदेही लें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नहीं हटाया जाता है, तो श्री मोदी को स्वयं इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, लेकिन श्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए या जवाबदेही खुद लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पेपरलीक की घटना से देश के 22 लाख विद्यार्थियों की दो वर्ष की मेहनत बर्बाद हो गई और पूरा देश जानता है कि नीट परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र बांटा जा रहा था।

## 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागॉन जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी

■ देश में पहली बार इस प्रकार की खतरनाक ड्रग पकड़ी गईः शाह

गई है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है।

## नीट पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं।

## कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी।

उन्होंने कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे

■ मैंने फर्जी डिग्रीधारी वालों की आलोचना की थीः सूर्यकांत

लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी।

# भारत में सूखा व भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह

### 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जबकि बिहार और अंडमान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलने की चेतावनी दी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि मानसून आज दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश क्षेत्रों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है।

संभावना 61 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा, तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

■ सुपर अल नीनो के मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार कंटेनर में घुसी, पांच की मौत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार अपरा]न हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार तेज गति से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जा रही थी। माइलस्टोन-238 के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 और थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सत्यम वर्मा के खिलाफ एनएसए हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** नागरिक अधिकार संगठन 'जनहस्तक्षेप' ने नोएडा में मजदूर आंदोलन से जुड़ी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार पत्रकार व लेखक सत्यम वर्मा और आंदोलनकारी आकृति चौधरी के खिलाफ एनएसए लगाए जाने को निराधार व गैरकानूनी बताते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को वापस लिए जाने की मांग की है। जनहस्तक्षेप के संयोजक विकास वाजपेयी व सहसंयोजक अनिल दुबे ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि वर्मा और उनके सहयोगी राष्ट्रीय राजधानी के नोएडा और मानेसर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी लागू करने, काम की निर्धारित अवधि तय किए जाने और उनके अन्य बुनियादी अधिकारों के लिए पिछले कुछ महीनों से आंदोलन चला रहे थे।

## अब गांव के बच्चों तक पहुंचेगी आधुनिक विज्ञान शिक्षा

■ सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आधुनिक और प्रयोग आधारित विज्ञान शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। प्रदेश के 38 जिलों के 9,356 विद्यालयों में साइंस किट उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षा मिल सके। इन साइंस किटों के माध्यम से अब सरकारी स्कूलों के छात्र केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोग और गतिविधियों के जरिए विज्ञान को समझ सकेंगे।

सरकार का मानना है कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार क्षमता विकसित करने के लिए प्रयोग आधारित शिक्षण बेहद जरूरी है। प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में साइंस किटें भेजी गई हैं। गोंडा में 370, शाहजहांपुर में 366, आगरा में 357, उन्नाव में 338, बुलंदशहर में 314 और अलीगढ़ में 301 साइंस किटों की आपूर्ति की गई है। वहीं लखीमपुर खीरी में 464 और सीतापुर में 469 साइंस किटें पहुंचाई गई हैं।



### गरीबों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि उपचार कराने में सरकार भरपूर मदद करेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक जाकर उनकी समस्याओं को सुना।

## परीक्षा पर चर्चा नहीं, समीक्षा की है जरूरत: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ शिक्षा तंत्र तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों से भरा हुआ: जयराम

■ पेपर लीक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए: खड़गे

कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार का शिक्षा तंत्र अक्षमता, राजनीतिक पक्षपात और भ्रष्टाचार से ग्रस्त है और समय 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं बल्कि 'परीक्षा की समीक्षा' का है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार का शिक्षा तंत्र 'तीसरे दर्जे की औसत अकादमिक सोच रखने वाले लोगों' से भरा हुआ है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में खुद को बेहद अक्षम, राजनीतिक रूप से पक्षपाती और भ्रष्ट साबित किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर हर महीने कोई न कोई नया संकट सामने आता है, जिनमें एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक विवाद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी मसौदा नियम, लगातार पेपर लीक, एनएएसी रिश्वतखोरी प्रकरण, आईसीएचआर घोटाला, समग्र शिक्षा निधि को कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से रोकना, कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुपस्थित कुलपतियों की नियुक्ति और शिक्षकों के बड़े पैमाने पर रिक्त पद शामिल हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता की बराबरी केवल शिक्षा मंत्री के अहंकार से हो सकती है। उनका कहना था कि जब मीडिया ने एनटीए को लेकर संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों पर अमल न करने के बारे में सवाल पूछा गया तो शिक्षा मंत्री ने समिति की रिपोर्ट को यह कहकर गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया कि उसमें 'विपक्ष के सदस्य' शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि समिति के 30 सदस्यों में 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी के ही हैं और समिति की सिफारिशों में के. राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट की पुनर्पुष्टि भी शामिल है, जिसका हवाला स्वयं मंत्री देते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय स्थाई समिति को स्वीकार करने से इनकार करना अपनी ही पार्टी के सांसदों तथा संसद की बहुदलीय परंपराओं को खारिज करने जैसा है। आज समय की मांग 'परीक्षा की समीक्षा' है और शिक्षा मंत्री इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त नहीं दिखते। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और इस वजह से छात्रों की आत्महत्या की खबरों को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि यह सब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का परिणाम है, इसलिए उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार

## उप्र में अगले पांच दिन रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मौसम विभाग की चेतावनी: पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कई जिलों में लू के थपेड़े करेंगे बेहाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने तथा तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 20 मई तक उष्ण लहर (लू) से लेकर अति उष्ण लहर चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम केंद्र लखनऊ के अनुसार दक्षिणी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हालात गंभीर हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के लखनऊ केंद्र द्वारा शनिवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 16 से 19 मई तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, जबकि 20 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्रों में कहीं-कहीं लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 18 मई से स्थिति और गंभीर होने के संकेत हैं, जब प्रदेश के कई हिस्सों में व्यापक स्तर पर उष्ण लहर का प्रभाव देखने को मिलेगा। 19 और 20 मई को कई जिलों में लू से अति उष्ण लहर की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार 16 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी समेत आसपास के क्षेत्रों में लू का प्रभाव अधिक रहेगा। 17 मई को इसका दायरा बढ़ते हुए प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया तक पहुंच जाएगा। 18 मई से पूर्वांचल और बुंदेलखंड के साथ मध्य यूपी के बड़े हिस्से भी गर्मी की चपेट में आ जाएंगे। मौसम विभाग ने गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, कन्नौज, ललितपुर और मैनपुरी सहित कई जिलों में भीषण गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम

### आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में आए भीषण आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए राज्य सरकार से पूरी उदारता बरतने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक्स पर लिखा- यूपी के कई हिस्सों में जबरदस्त आंधी-तूफान से जान-माल की भारी तबाही हुई है। राज्य सरकार को पूरी उदारता के साथ हर प्रकार से पीड़ितों के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे लोग अपने उजड़े/बिखरे हुए पारिवारिक जीवन को समेट कर दोबारा से अपनी जिदगी शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि करोड़ों गरीबों, मेहनतकश परिवारों, खेती- किसानी के साथ-साथ मिडिल क्लास के जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करेगी।

## लेह में खुलेगा आईआईटी जम्मू का सैटेलाइट कैंपस: उपराज्यपाल

लेह, वार्ता

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने आईआईटी, जम्मू के साथ लेह में 'सैटेलाइट कैंपस' स्थापित करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है।

उन्होंने इसे लद्दाख के युवाओं की आकांक्षाओं को नई उड़ान देने वाला कदम बताया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने अपने पोस्ट में लिखा है कि यह कैंपस लद्दाख के युवाओं के लिए बड़े बदलाव का वादा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भौगोलिक चुनौतियों या शीर्ष तकनीकी संस्थानों तक पहुंच की कमी के कारण अब यहां के छात्रों के सपने अधूरे नहीं रहेंगे। इस पहल के माध्यम से लद्दाख के छात्रों को अपने ही घर में ही विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। कैंपस की कार्ययोजना का विवरण देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत दो आधुनिक विषयों सिविल इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई)/डेटा साइंस के साथ की जाएगी। यह कैंपस छात्रों के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। समझौता पत्र के अनुसार, आने वाले समय में कारगिल में एक पूर्ण आवासीय परिसर भी विकसित किया जाएगा, जो 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74608.98 | |
| निफ्टी | 23501.25 | |
| सोना | 160977 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 287720 | प्रति किलो |

## अधिकारी ने मिथुन से की मुलाकात

कोलकाता, वार्ता

■ मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नेता एवं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के न्यू टाउन स्थित आवास पर पहुंचे और करीब एक घंटे तक उनके साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद अधिकारी और चक्रवर्ती के बीच यह पहली अलग से हुई बैठक थी।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने श्री चक्रवर्ती की तारीफ की और उन्हें पश्चिम बंगाल में भाजपा के उभार के मुख्य शिल्पकारों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मिथुन दा ने न केवल राज्य में राजनीतिक बदलाव लाने में, बल्कि मुख्यमंत्री के तौर पर मुझे आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। वह बंगाल में भाजपा की जीत के मुख्य शिल्पकारों में से एक हैं। पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया है और इसमें उनकी भी भूमिका रही है। पिछले छह सालों से उन्होंने राज्य में राजनीतिक बदलाव के लिए बिना थके और निस्वार्थ भाव से काम किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री चक्रवर्ती ने पहले मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनसे मिलने की इच्छा जताई थी, लेकिन अधिकारी ने खुद जाकर इस दिग्गज अभिनेता- राजनेता से मिलने पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा कि मैंने उनसे कहा कि आप क्यों आएंगे? आपके द्वारा बनाया गया मुख्यमंत्री खुद आपसे मिलने आएगा। अधिकारी की बातें सुनकर चक्रवर्ती काफी भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। अधिकारी ने कहा कि श्री चक्रवर्ती की लोकप्रियता भाजपा के समर्थकों से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैंने आठवीं कक्षा के बाद फिल्में देखना छोड़ दिया था, लेकिन मिथुन दा अलग हैं। वह महागुरु हैं। मैं उनका आशीर्वाद लेने आया था। वहीं चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की और कहा कि पश्चिम बंगाल के लिए उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में उनसे बेहतर मुख्यमंत्री कोई हो ही नहीं सकता। मैं इसकी गारंटी दे सकता हूं। शपथ लेने के बाद से वह लगातार काम कर रहे हैं। हमें उन पर गर्व है और हम पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं।

## चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा, आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव उतर गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम बढ़ गए जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये बढ़कर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 14 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही बनी रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 63 रुपये और मसूर दाल की 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। वहीं, मूंग दाल आठ रुपये और उड़द दाल चार रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव स्थिर रहा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सरसों तेल भी 22 रुपये सस्ता हुआ। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 92 रुपये और सूरजमुखी तेल 40 रुपये महंगा हो गया। पाम ऑयल में 15 रुपये और वनस्पति में चार रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बंद हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4327.36 रुपये और गुड़ 5068.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17862.07 रुपये, मूंगफली तेल 18853.49 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.98 रुपये, सोया तेल 14996.12 रुपये, पाम ऑयल 13496.02 रुपये और वनस्पति 15003.86 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए एक और आईआर बटालियन को मंजूरी दी

**अगरतला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के लिए एक और भारतीय रिजर्व (आईआर) बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है, जिससे सुरक्षा बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मंत्रालय ने त्रिपुरा के मुख्य सचिव जेके सिन्हा को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार नई बटालियन के लिए 50 करोड़ रुपये की एकमुश्त वित्तीय मदद देते हुए जमीन की लागत को छोड़कर बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए 30 करोड़ रुपये तक की संभावित रीइंबर्समेंट भी देगी। उन्होंने बताया कि केंद्र का बटालियन पर पहला अधिकार होगा, जिससे जरूरत पड़ने पर देश में कहीं भी तैनाती की अनुमति मिलेगी और बटालियन को उग्रवाद विरोधी गतिविधियों, आंतरिक सुरक्षा प्रबंधन और सीमा सुरक्षा जैसे काम दिए जा सकते हैं। राज्य सरकार केंद्र द्वारा किए गए तैनाती अनुरोध को मानने के लिए बाध्य है और दूसरे राज्यों में तैनाती के मामलों में उधार लेने वाला राज्य नियमित रूप से आनुपातिक खर्च उठाएगा, जब तक कि तैनाती केंद्र सरकार के निर्देश पर किसी छूट प्राप्त वाले राज्य में न हो। उन्होंने कहा कि आईआर बटालियन को शामिल करना त्रिपुरा के सुरक्षा ढांचे के लिए एक बड़ा कदम है, जो इस इलाके में लंबे समय तक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की क्षमताओं का आधुनिकीकरण करने और मजबूत करने पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## बेटियों की शिक्षा पूरे राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, वार्ता



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

श्रीमती गुप्ता ने आज आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान और निघ्शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास करने वाली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं, ताकि वे अपनी पढ़ाई आसानी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए आयोजकों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और सपनों को नई गति देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष लगभग 1.30 लाख छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश लेती हैं और साइकिल मिलने से वे कक्षा 9 से लेकर कॉलेज एवं कोचिंग तक अपनी पढ़ाई के दौरान इसका उपयोग कर सकेंगी। गर्मियों की छुट्टी के बाद छात्राओं को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा और रोटरी क्लब दिल्ली इंपीरियल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजना लागू होने से पहले ही 500 से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्होंने समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने रोटरी क्लब सहित सभी सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

### अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह में योगी बढ़े मानदेय का करेंगे वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अंशकालिक अनुदेशकों के बढ़े मानदेय का वितरण करेंगे। प्रदेश सरकार कल पूरे राज्य में बढ़े हुए मानदेय वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम चार बजे लोकभवन सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इसकी शुरुआत करेंगे। मुख्य कार्यक्रम का सभी 75 जिलों में सीधा प्रसारण होगा। हर जिले में भी समानांतर भव्य आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि-अधिकारी मौजूद रहेंगे। राज्यस्तरीय और जिला स्तरीय कार्यक्रमों के समापन पर जनप्रतिनिधि अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक सौंपेंगे।

## 104 साल पुराने मंदिर से चोरी भगवान शनि की अष्टधातु प्रतिमा बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में उत्तरी जिले के कोतवाली पुलिस थाना ने 104 साल पुराने श्री शिव नवग्रह मंदिर में हुई एक सनसनीखेज चोरी की गुत्थी को सुलझा लिया है और एक आदतन चोर के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई कीमती भगवान शनि देव की प्राचीन अष्टधातु प्रतिमा को बरामद कर लिया है। उत्तर जिला उपायुक्त राजा बंथिया के अनुसार चांदनी चौक स्थित मंदिर से भगवान शनि महाराज की प्राचीन प्रतिमा और अन्य पीतल की वस्तुओं की चोरी के संबंध में मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने 12 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि चोरी तड़के 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच हुई थी। कोतवाली पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। महा शनि जयंती से पहले मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेख में और निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने इलाके में लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी के आधार पर, आरोपी दिलशाद उर्फ बंता (45) को कलकट्टिया गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि वह यमुना बाजार इलाके में फुटपाथ पर रहता है और पहले भी चोरी और सेंधमारी के 15 मामलों में शामिल रहा है।

# ANGELS' ACADEMY SCHOOL ,HARIDWAR



KASHISH GAUTAM
98 % - CLASS 12th




DEEPANSHU MISHRA - INDIAN ARMY



HARSHIT KUMAR GUPTA
97.4 % - CLASS 10th

## CLASS 10th - TOPPERS

AKSHIT GUPTA 97.2 %
AKSHAT YADAV 96.8 %
RIDHI KAPOOR 96.8 %
ANMOL VERMA 96.6 %
GAURAV PAL 96.4 %
SHIVANSH VARSHNEY 96.4 %
AHMAR 96.2 %
MANYA MISHRA 95.8 %
YOGITA 95.4 %
AADITRI 95 %
SAKSHI RAI 95 %
SHIVAM GUPTA 95 %
SAI SANDEEP 95 %
ANJALI BHARTI 94.4 %
NARAYANI OJHA 94.2 %
KARTIK CHAUHAN 94.2 %
PRACHI SHARMA 93.6 %
PRATIKSHA TYAGI 93.6 %
ANJALI YADAV 93.6 %
SAMIKSHA JOSHI 93.6 %
PARTH SINGH 93.4 %
SAKSHI NEGI 93.4 %
PUSHKAR TYAGI 93 %
KARTIK RANA 92.8 %
AYUSH KUMAR SUNHARE 92.6 %
KARTIK 92.6 %
MAYANK CHAPRANA 92.6 %
ADITYA RAJ GUPTA 92.6 %
RAJSHEKHAR 92.4 %
KHUSHBU 92.4 %
AARAV SAINI 91.6 %
MOHAMMAD ARSH 91.6 %
SRISHTI 91.6 %
KANIKA GIRI 91.6 %
DHRUV AGARWAL 91 %
MANSI RAWAT 91 %
ARADHYA KUMAR SAINI 91 %
ISHITA 90.6 %
TAANI SINGH 90.2 %
ANSHU KUSHWAHA 90.2 %
DEVANSH SINGH 90 %
KAMLESH PANDEY 90 %
VAISHNAVI 90 %
AAYUSH KUMAR 90 %
HONEY KUMAR 90 %
SAURABH KUMAR 90 %
CHETNA SINGH 90 %
DEVANSH 90 %
RUCHI DUBEY 90 %
AARADHYA SINGH 90 %
NAYAK CHANDRA 89 %
ARPITA SAHOO 89 %
DEVANSHI 89 %
SIDDHI JAIN 89 %
SHUBHAM KUMAR 88.4 %
AVINASH KUMAR 88.2 %
MAYANK 88 %
NAITIK TYAGI 88 %
ADEETI 88 %
SAKSHI YADAV 88 %
ATIKA CHAUHAN 87.4 %
MOHAMMAD HASAN 87.2 %
HARSHIT 86.6 %
SHASHI 86.6 %
DIVYANSH AHUJA 86.4 %
PRANJALI SINGH 86.4 %
RUDRANSH JOSHI 86.2 %
ALISHBA 86.2 %
LUCKY SAINI 86 %
PREEMANSHA JHA 86 %
ARADHYA SINGH MALIK 86 %
SHRADDHA RAJPUT 86 %
SACHIN KUMAR 86 %
ANSHIKA SAINI 86 %
RADHIKA 86 %
ABHAY CHAUHAN 85.4 %
ESHIKA SAROHA 85.2 %
AKSHAT SINHA 85 %
SAKSHI CHOUDHARY 85 %
ANUSHKA CHOUDHARY 85 %
NIHARIKA SINGH 85 %
PRANAV CHAUHAN 85 %
INSHA NOOR 85 %
KRITIKA CHAND 85 %
AKANSHA PRAJAPATI 85 %

# CONGRATULATIONS TO ALL THE STUDENTS

## CLASS 12th - TOPPERS

LAXMI 97.6 %
PURNIMA KHURANA 95 %
EKLAVYA PAWAR 94 %
AMAAN HUSSAIN 94 %
ARUSHI GHILDIYAL 93.2 %
SAURAV SINGH NEGI 92.6 %
SAKSHAM ARORA 91.8 %
RIYANSHI 91.6 %
KRITIKA CHAUHAN 91.4 %
SARAJ SUDHANG PRAJAPATI 91.2 %
PRASHANT BAGHEL 90.6 %
GAUTAM SINGH 90.4 %
AYUSHI 90.2 %
MAHIMA PAL 90.2 %
MUHAMMAD AYAN 90 %
KUSHAL TOMER 89 %
SHRUTI YADAV 88.2 %
RAJAT SIDHU 88 %
NITANSHU KUMAR 87.4 %
SOMAY OJHA 87.4 %
PRASHANT BHATIA 87.2 %
VAIBHAV KUMAR 87.2 %
AVNI 87 %
HITESH AHUJA 87 %
NANCY SHARMA 86.4 %
AFIYA FATIMA 86.2 %
VAIBHAV 86 %
DAKSH PRATAP 86 %
NIKHIL CHAURASIA 86 %
AISHWARYA SHARMA 85.2 %
SAKSHAM CHAUHAN 85 %
KRITI VERMA 85 %
ANAMIKA 85 %
AMAN SHARMA 85 %

# पीएमश्री राइका चोपता में शिक्षकों की भारी कमी



■ जि.पं. सदस्य सम्पन्न नेगी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, विद्यालय में लंबे समय से खाली हैं प्रधानाचार्य सहित मुख्य विषयों के पद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के प्रमुख विद्यालयों में शुमार पीएम राजकीय इंटर कॉलेज (राइका) चोपता में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर अब जनाक्रोश बढ़ने लगा है। शिक्षकों की कमी के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने पर जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज बुलंद कर दी है।

इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य सम्पन्न नेगी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) को एक ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने की पुरजोर मांग की है। जिपं सदस्य सम्पन्न नेगी ने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि छात्र संख्या के लिहाज से पीएम श्री राइका चोपता रुद्रप्रयाग जिले में दूसरे स्थान पर आता है। इतने महत्वपूर्ण और अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालय होने के बावजूद यहां शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लंबे समय से प्रधानाचार्य का पद रिक्त है।

इसके अलावा हिंदी और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के पद भी खाली चल रहे हैं। उन्होंने सरकार और शिक्षा विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि रिक्त पदों को भरने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

शिक्षकों के अभाव में बच्चों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है, जो सीधे तौर पर नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन सौंपने के बाद नेगी ने बताया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक माह के भीतर समाधान का आश्वासन दिया है।

इस पर जिपं सदस्य ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती है, तो क्षेत्रीय जनता और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ मिलकर विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान क्षेत्र के कई अभिभावकों और स्थानीय निवासियों ने भी जिपं सदस्य की मांग का समर्थन करते हुए शिक्षा विभाग से बच्चों के भविष्य को देखते हुए जल्द से जल्द शिक्षकों की तैनाती की मांग उठाई है।

# स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्थाओं पर एसडीएम सख्त,

■ जिलाधिकारी के निर्देशों पर एसडीएम सतपुली का स्वास्थ्य केंद्रों पर औचक निरीक्षण, कई कर्मचारी ड्यूटी से मिले नदारद, बायोमेट्रिक बंद मिलने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी सतपुली रेखा आर्य द्वारा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर अनियमितताएं, कार्मिकों की अनुपस्थिति तथा व्यवस्थागत खामियां सामने आईं।

पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा सीएचसी सतपुली का निरीक्षण किया गया था। इसके क्रम में उन्होंने एसडीएम को अस्पतालों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रीठाखाल के निरीक्षण के दौरान तैनात तीन कर्मचारियों में से केवल फार्मासिस्ट सुधीर ही उपस्थित पाए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 11 मई से लगातार अनुपस्थित पाए गए, जबकि एएनएम भी ड्यूटी से अनुपस्थित मिलीं। निरीक्षण के समय ओपीडी में मात्र तीन मरीज दर्ज पाए गए।

पीएचसी संगलाकोटी के निरीक्षण में चार कर्मचारियों में से केवल वार्ड बॉय एवं एएनएम ही उपस्थित मिले। प्रभारी चिकित्सक 10 मई से लगातार अनुपस्थित बताए गए, जबकि फार्मासिस्ट भी मौके पर अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल आपूर्ति बाधित पाई गई। पीएचसी पोखड़ा के निरीक्षण में एक चिकित्सक सहित आरबीएसके की पूरी टीम अनुपस्थित पाई गई। क्षेत्र भ्रमण रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहे जाने पर संबंधित कर्मचारी अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके। वहीं, रीठाखाल स्थित आयुष विंग के निरीक्षण में भी दोनों तैनात कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं फार्मासिस्ट मौके पर उपस्थित नहीं मिले। यहां बायोमेट्रिक मशीन भी निष्क्रिय पाई गई। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अधिकांश स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमेट्रिक मशीनें बंद थीं तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र परिसरों के आसपास झाड़ी कटान एवं समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई।

# जनासू में लगे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने लिया परामर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत जनासू गांव में शनिवार को आयोजित निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने डाक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में 60 से अधिक ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। समाजसेवी रेखा राजेंद्र लिंगवाल की ओर से गढ़वाल पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट के सहयोग से पंचायत भवन जनासू में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनासू सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। समाजसेविका रेखा राजेंद्र लिंगवाल ने बताया कि उनका ससुराल जनासू गांव में है और मुंबई में निवास करने के बावजूद वह समय-समय पर गांव आकर समाजहित में कार्य करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी और नियमित जांच न होने के कारण लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे शिविर लोगों को समय रहते स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सचेत करने में मददगार साबित होते हैं। वहीं नेत्र विशेषज्ञ डा. अनिमेष मंडल ने बताया कि आंखों से संबंधित परेशानियों वाले मरीजों की निशुल्क जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। शिविर के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान पवित्री देवी, जितेंद्र रावत, किशन बिष्ट, डिंपी तथा विकास मोहन सहित अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# लाठी-डंडों से भिड़े घोड़ा-खच्चर संचालक, 3 आरोपी गिरफ्तार

■ केदारनाथ मार्ग पर गुंडागर्दी पड़ी भारी, वायरल वीडियो के बाद पुलिस का बड़ा एक्शन,



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा के बीच अराजकता फैलाने वालों पर रुद्रप्रयाग पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़ा-खच्चर संचालकों के बीच हुई खूनी भिड़ंत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो में कुछ संचालक खुलेआम लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे थे, जिससे यात्रा मार्ग पर मौजूद श्रद्धालुओं में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली सोनप्रयाग और चौकी गौरीकुंड पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे तीन आरोपियों को चिन्हित कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि घोड़ों के आपस में टकराने को लेकर विवाद शुरू हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक मारपीट में बदल गया।

पुलिस ने साफ कहा कि यात्रा मार्ग पर इस तरह की गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत शांति भंग की कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इतना ही नहीं, पुलिस ने भविष्य के लिए भी बड़ा कदम उठाते हुए आरोपियों के अश्व संचालन लाइसेंस निरस्त किए जाने की संस्तुति संबंधित विभाग को भेज दी है, ताकि वे आगे केदारनाथ यात्रा में घोड़ा-खच्चरों का संचालन न कर सकें। मारपीट में शामिल आरोपियों की पहचान राकेश कुमार निवासी चमोली, मनीष कुमार निवासी पिथौरागढ़ और विजय कुमार निवासी रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है।

रुद्रप्रयाग पुलिस ने यात्रा से जुड़े सभी व्यवसायियों, संचालकों और श्रमिकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की अराजकता, मारपीट या यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर .......

### डॉ. मैठाणी उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित



**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा सरस्वती विद्या मन्दिर हाई स्कूल श्रीनगर गढ़वाल के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश चन्द्र मैठाणी को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक विज्ञान विषय में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शत-प्रतिशत परिणाम के लिए प्रदान किया गया। रामनगर नैनीताल में शिक्षा परिषद सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी एवं केएआईआईएमटी के निदेशक डॉ. गिरीश घुगत्याल ने डॉ. मैठाणी को सम्मान प्रदान किया। डॉ. मुकेश चन्द्र मैठाणी को यह सम्मान मिलने पर विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है। विद्यालय परिवार ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि डॉ. मैठाणी की यह सफलता अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

### पिट्ठू खेल के उपविजेताओं को सांसद बलूनी ने किया सम्मानित

**श्रीनगर।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बीते शुक्रवार देर सांय श्रीनगर मंडल कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय स्तर पर पिट्ठू खेल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सांसद बलूनी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 11हजार रूपये की नगद धनराशि डिजिटल माध्यम से प्रदान की गई।सम्मान समारोह के दौरान सांसद अनिल बलूनी ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। सांसद ने खिलाड़ियों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने और देश का नाम ऊँचा करने के लिए प्रेरित किया।इसके बाद मंडल कार्यालय में सांसद बलूनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी ली और सरकार के विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रीनगर विनय घिल्डियाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार, कार सीज

**कीर्तिनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया है। वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली कीर्तिनगर में मोटर वाहन अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान वैगनार कार के चालक हिमांशु पुत्र राकेश सिंह रौतेला निवासी सुमाड़ी तिलवाड़ा, जनपद रुद्रप्रयाग को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा गया। बताया कि चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया। बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कीर्तिनगर पुलिस ने कुल 56 चालान किए। इनमें एमवी एक्ट के तहत 31 चालानों से 18 हजार रुपये तथा पुलिस एक्ट के तहत 25 चालानों से 6200 रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। उन्होंने आमजन से शराब पीकर वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# रुद्रप्रयाग में 20 मई को रोजगार मेला, 500 पदों पर होगा चयन

■ रोजगार मेले में छः निजी नियोक्ता एवं कंपनियां लेंगी भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जिला सेवायोजन कार्यालय रुद्रप्रयाग द्वारा आगामी 20 मई को जिला सेवायोजन कार्यालय, रुद्रप्रयाग में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में छह निजी नियोक्ता एवं कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

रोजगार मेले में मुंजाल शोवा लिमिटेड द्वारा अप्रेंटिसशिप पदों, एकम्स ड्रग्स फार्मा लिमिटेड द्वारा ट्रेनी एवं तकनीशियन पदों, आपातकालीन सेवा 108 द्वारा ईएमटी एवं ड्राइवर पदों के लिए भर्ती की जाएगी। वहीं टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र गोपेश्वर द्वारा होटल प्रबंधन संबंधी नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके अलावा टाटा मोटर्स लिमिटेड द्वारा जॉब ट्रेनी प्रशिक्षु पदों हेतु फिटर, मोटर मैकेनिक, टर्नर, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन, कार्यालय सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सीविंग टेक्नोलॉजी एवं आशुलिपिक सहित विभिन्न ट्रेडों के अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। युवा शक्ति फाउंडेशन द्वारा भी प्रशिक्षु पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में कुल 500 रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संचालित होगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार एवं अन्य निर्धारित अर्हताओं के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, बीएससी, एमएससी, आईटीआई, डिप्लोमा, बीकॉम, बीफार्मा, डीफार्मा, एएनएम एवं जीएनएम निर्धारित की गई है। साथ ही ड्राइविंग पदों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार से 20 हजार रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, अंकपत्र, बायोडाटा तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए 8449222574 एवं 9557511448 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। रोजगार मेले में शामिल होने हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रोजगार मेले के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# नशे व बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कोटद्वार।** वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराध, नशे की प्रवृत्ति एवं सामाजिक चुनौतियों को देखते हुए बच्चों और युवाओं को समय समय पर जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद पुलिस टीमों द्वारा लगातार स्कूलों एवं कॉलेजों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में एएनटीएफ व एएचटीयू कोटद्वार टीम द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार एवं भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। बच्चों को नशे से दूर रहने, गलत संगति से बचने तथा समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव एवं ऑनलाइन सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें तथा नशा संबंधी सूचना हेतु टोल फ्री नंबर 1933, डायल 112 के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को बताया।

# अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने 2 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी के दिशा-निर्देशन में जनपद में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के नेतृत्व में दैनिक कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को 02 पेटी 09 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा दिनेश पंत निवासी कोटद्वार के कब्जे से 62 पव्वे सोलमेट व्हिस्की व रोहित भाटिया, निवासी कोटद्वार के कब्जे से 72 पव्वे सोलमेट ब्लैक व्हिस्की बरामद हुई।

# द्वितीय केदार मद्महेश्वर धाम: आज से शुरू होगी कपाट खुलने की दिव्य प्रक्रिया



■ 19 मई को कैलाश यात्रा पर रवाना होगी भगवान मद्महेश्वर की उत्सव डोली, 21 मई को खुलेंगे श्रद्धा और आस्था के पावन द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** पंचकेदारों में द्वितीय केदार के रूप में पूजित मदमहेश्वर धाम के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खुलने की पावन प्रक्रिया रविवार से विधिवत आरम्भ होने जा रही है। बाबा मद्महेश्वर के कपाटोद्घाटन को लेकर सम्पूर्ण मद्महेश्वर घाटी और ऊखीमठ क्षेत्र भक्तिमय रंग में रंग चुका है। गांव-गांव में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक उमंग का वातावरण देखने को मिल रहा है।

भगवान मद्महेश्वर के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों और पारम्परिक पूजा-अर्चना के बीच चल विग्रह उत्सव मूर्तियों को गर्भगृह से निकालकर सभा मंडप में विराजमान कराया जाएगा। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु भगवान को नए अनाज का भोग अर्पित करेंगे, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

मंदिर समिति के अनुसार आगामी 19 मई को भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली पारम्परिक रीति-रिवाजों, ढोल-दमाऊ और स्थानीय वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों के बीच कैलाश यात्रा के लिए धाम को रवाना होगी। डोली यात्रा के दौरान राकेश्वरी देवी, गौंडार और बंतोली सहित विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ भव्य स्वागत करेंगे। जगह-जगह महिला मंगल दल, युवक मंगल दल और ग्रामीण धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर यात्रा को भव्य स्वरूप देंगे।

ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी विजेंद्र बिष्ट ने बताया कि कपाटोद्घाटन को लेकर मंदिर समिति, हक-हकूकधारियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आगामी 21 मई को शुभ मुहूर्त में वैदिक परम्पराओं और विधि-विधान के साथ बाबा मद्महेश्वर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। कपाट खुलते ही हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। कपाटोद्घाटन समारोह को लेकर पूरे ऊखीमठ क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है। स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों और पर्यटन से जुड़े लोगों को भी यात्रा सीजन से बेहतर कारोबार और रोजगार की उम्मीद जगी है।

# दास्तान-ए-दिल्ली नाटक के मंचन ने मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र द्वारा आयोजित बाल रंग यात्रा का शुभारंभ ऐतिहासिक नाटक दास्तान-ए-दिल्ली के भव्य मंचन के साथ हुआ। नगर क्षेत्र के मार्शल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो. डीआर पुरोहित, स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर जलेश सब्रवाल तथा प्रधानाचार्या प्रिया सब्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नाटक में दिल्ली के इतिहास को विभिन्न कालखंडों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। इस मौके पर डॉ. डीआर पुरोहित, मीनाक्षी कर्नाटक, केंद्र के निदेशक गणेश खुगशाल, उपनिदेशक डॉ. संजय पांडे तथा सहायक निदेशक महेंद्र सिंह पंवार ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे इतिहास और रंगमंच का सुंदर संगम बताया। नाटक में अग्रिम, अर्पित, इशिका, आशीष, शिवम, काजल, अंशिका, अंबिका, आराध्या, सक्षम, ऋषभ, अभिषेक, अभिनव, नैतिक, अंश, देव, सृष्टि, दिव्यांशु, इशिता, आयुष्मान, सुशांत, विहान, सुहाना, मानसी, दिव्या, पूर्वी सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने अभिनय किया।

# यूकेडी ने सौंपे दायित्व

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) का जिले में लगातार विस्तार हो रहा है। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से नए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को उत्तराखंड क्रांति दल जनपदीय इकाई बागेश्वर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों को विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट मनोज जोशी ने की। इस दौरान जिला महामंत्री मनोज चौहान तथा केंद्रीय सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य भुवन कांडपाल भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि यूकेडी राज्य हित, पहाड़ की अस्मिता, युवाओं के रोजगार, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

■ कैंप में 500 से ज्यादा कैडेटस कर रहे हैं प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** गढ़वाल राइफल्स ट्रेनिंग सेंटर गब्बर सिंह कैंप में दस दिवसीय एनसीसी कैंप का शुभारंभ कर्नल ललित पवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

इस भव्य कैंप में देहरादून, हरिद्वार, टिहरी एवं पौड़ी गढ़वाल जनपदों के 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें बालक एवं बालिकाएँ दोनों शामिल हैं। कैंप के दौरान कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति एवं आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत करने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें ड्रिल, फायरिंग, एफसीबीसी, हेल्थ एंड हाइजीन, सेल्फ डिफेंस, सेल्फ अवेयरनेस, पर्सनल हाइजीन, बैंकिंग एवं फाइनेंस, फायर ब्रिगेड प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग जागरूकता, यातायात पुलिस प्रशिक्षण, फायर फाइटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा, खेलकूद प्रतियोगिताएँ, थल सेना कैंप चयन, फायरिंग प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता तथा इंटर डायरेक्टरेट शूटिंग प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ प्रमुख रूप से शामिल हैं।

कैडेट्स को जागरूक एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से एनसीसी कैम्प में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया है। बैंकिंग एवं फाइनेंस से जुड़े विशेषज्ञ बच्चों को आधुनिक बैंकिंग प्रणाली एवं वित्तीय जागरूकता की जानकारी दे रहे हैं, वहीं फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की जा रही हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल ललित पवार ने अपने संबोधन में एनसीसी के उद्देश्य, नियम एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में एकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं देशभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की सुरक्षा के लिए आगे आने तथा सेना में अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कैंप के एडम अधिकारी कर्नल गौरव नौगांई भी उपस्थित रहे।

पूरा कैंप देशभक्ति, अनुशासन एवं उत्साह के वातावरण में संचालित हो रहा है, जहाँ कैडेट्स पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हैं।

# जोशी ने किया अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग पर चल रहे मरम्मत व सुधार कार्यों का निरीक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अनारवाला-मालसी मोटर मार्ग पर चल रहे मरम्मत एवं सुधार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।



कैबिनेट मंत्री ने दिए विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के साथ-साथ पर्यटकों एवं दैनिक आवागमन करने वाले लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को देखते हुए संभावित जोखिम वाले स्थानों को चिन्हित कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क किनारे स्थित ऐसे बड़े पेड़ों की लॉपिंग एवं छंटाई तत्काल कराई जाए, जो तेज बारिश या आंधी के दौरान दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क मार्ग के बीच अथवा आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे विद्युत पोलों को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा आमजन की सुरक्षा और सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी अमित कवंर, लोनिवि के ईई राजेश कुमार, यूपीसीएल के ईई एसडीएस बिष्ट, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, संध्या थापा, निर्मला थापा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा का हलाला के खिलाफ उठी आवाज को पुरजोर समर्थन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने राज्य में हलाला कुप्रथा के खिलाफ दर्ज पहले मामले को अल्पसंख्यक महिलाओं के हित में बड़े बदलाव की शुरुआत बताया है।



प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने प्रत्येक प्रदेशवासी से ऐसी सभी पीड़ित बहिनों का मनोबल बढ़ाने के लिए आगे आने का आग्रह किया है। वहीं विपक्ष को भी साथ खड़े होकर इतिहास निर्माण का हिस्सा बनने की नसीहत दी। मीडिया के माध्यम से जारी बयान में उन्होंने कहा की सभी जानते हैं कि मुस्लिम समाज के एक बड़े तबके में तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियों से महिलाएं पीड़ित हैं। मुस्लिम बहनों को ऐसे अन्याय से मुक्ति के लिए पीएम मोदी द्वारा केंद्र में तीन तलाक के खिलाफ कठोर कानून लाया गया और राज्य में यूसीसी को लागू किया गया। तीन तलाक पर तो अनेक मामलों में कानूनी प्रक्रिया चल रही है, लेकिन हलाला के विरोध में आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुट पाई थी। लेकिन रुड़की में मुकद्दमा दर्ज कराने सामने आई बहिन के साहस की जितनी तारीफ की जाए कम है। आज जब समाज के सभी धर्मों और वर्गों मातृ शक्ति सशक्तिकरण में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में मुस्लिम समाज में ऐसे बदलाव की शुरुआत के रूप में सामने आई है ये प्रकरण। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक समाज में महिला अन्याय के खिलाफ उठी इस आवाज का पुरजोर समर्थन करती है। पार्टी संगठन और सरकार ऐसी तमाम पीड़ित महिलाओं के साहस को बढ़ाने और अन्याय के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। एक मुस्लिम बहिन का यह एक छोटा सा कदम, वहां महिला अधिकारों के लिए बड़ी छलांग का काम करेगा। उसके द्वारा अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ उठाई ये आवाज अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। भट्ट ने आग्रह कि ऐसी कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाना अत्यंत आवश्यक है और सभी प्रदेशवा. सियों को ऐसे प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। क्योंकि समाज के एक वर्ग में आधी आबादी के साथ हो रहे पाप को बंद किए बिना समूचे समाज की तरक्की मायने नहीं रखती है। इसलिए समय की जरूरत है कि सभी आगे बढ़कर, मुस्लिम बहिनों के मनोबल को बढ़ाने के लिए आगे आएं। उसमें कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मातृ हित में ऐसे तमाम प्रयासों के साथ खड़ा होना चाहिए।

# मसूरी पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव-2026 कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी में मसूरी पब्लिक स्कूल के "वार्षिक उत्सव-2026" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों, खेल प्रतियोगिताओं एवं आकर्षक स्टॉल्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक मूल्यों के विकास का माध्यम भी बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि मसूरी पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन प्रदान कर समाज के लिए योग्य नागरिक तैयार कर रहा है।

उन्होंने विद्यालय की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1966 में छोटे स्तर से शुरू हुआ यह संस्थान आज शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के संस्थापकों ने स्थानीय बच्चों को बेहतर अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने का जो सपना देखा था, आज वह नई ऊंचाइयों तक पहुंच चुका है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर कई छात्र देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित हूपला, कप पिरामिड, बास्केटबॉल, फूड स्टॉल्स एवं बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प और रचनात्मक प्रदर्शनों की सराहना की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल सिंह, उप-प्रधानाचार्या भावना गौतम, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएम ने देवीधुरा में छात्र-छात्राओं से किया संवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चंपावत।** अपने एक दिवसीय चम्पावत जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवीधुरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुँचे, जहाँ उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने बच्चों से शिक्षा, अनुशासन और जीवन के लक्ष्यों को लेकर संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इसके उपरांत मुख्यमंत्री धामी ने देवीधुरा में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत आयोजित जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी की छात्रा अरीना रघुवंशी से दूरभाष पर बात कर दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हल्द्वानी की छात्रा अरीना रघुवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरीना रघुवंशी की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। अरीना को उनके परिश्रम का फल मिला है। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। राज्य की बेटियों ने समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है।

## एक नजर .......

### सीएम ने दिवंगत बोहरा के परिजनों को सौंपी 10 लाख की सहायता राशि

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत निवासी स्वर्गीय सोमेंद्र सिंह बोहरा के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने ₹10 लाख की आर्थिक सहायता राशि का चेक स्वर्गीय सोमेंद्र के पिता श्री गोपाल सिंह बोहरा को सौंपा। उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल 2026 को एक दुखद हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण सोमेंद्र सिंह बोहरा का असामयिक निधन हो गया था।



### अपने ही सांसद की बैठक का बहिष्कार कर रहे विधायक: धस्माना

**देहरादून।** एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बीते शुक्रवार को चमोली जनपद में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिसे गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति जानने के लिए लिया उसमें जिले के दोनों विधायक का नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष की और से गोपेश्वर में मौजूद रहने के बावजूद अनुपस्थित रहना भाजपा में चल रहे सत्ता संघर्ष व गुटबाजी की कहानी बयां कर रहा है। अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धस्माना ने कहा कि जिस समय संसद गोपेश्वर के कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में दिशा की बैठक ले रहे थे उसी वक्त जनपद के दोनों विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में बैठे थे और सांसद के द्वारा पता चलने पर उनको बुलवाने के लिए एक अधिकारी को भेजा गया था जिस पर विधायकों ने बैठक में जाने के लिए साफ मना कर दिया गया और फिर बैठक के बाद सांसद स्वयं विधायकों से मिलने निरीक्षण भवन पहुंचे। धस्माना ने कहा कि यह सामान्य घटना नहीं है और इससे साफ साफ प्रदेश भाजपा में चल रही गुटबाजी का खुले आम शक्ति प्रदर्शन है। धस्माना ने कहा कि प्रदेश में सत्ताधारी दल में चल रहे इस धड़ेबाजी से राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है और जनता को उसकी सजा भुगतनी पड़ रही है।

# सड़क व निगम भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून द्वारा शहर में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी है। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार आज विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्यवाही करते हुए सड़क एवं निगम भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया।

वार्ड संख्या 100 में पार्षद स्वाति डोभाल की शिकायत पर गुजरोवाली स्थित कृष्ण विहार क्षेत्र में सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही के दौरान संबंधित लोगों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी भी दी गई।

इसी क्रम में बल्लूपुर पंतवाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को बाधामुक्त कराया गया। वार्ड संख्या 3 में भी निगम की टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम द्वारा शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग्स एवं विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्यवाही भी की गई। वहीं मेहुवाला स्थित खसरा संख्या 1608 में निगम भूमि का चिन्हीकरण करते हुए भूमि पर तारबाड़ कर कब्जा सुरक्षित किया गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न हो सके।

# विद्यार्थी को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा: डॉ. गांधी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सभागार में जैन, बौद्ध, क्रिश्चियन, पारसी, मुस्लिम और सिख समुदाय के उन शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व प्रबंधकों के साथ बैठक की गई, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त संस्थानों का संचालन कर रहे हैं।



धार्मिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में होगी एकरूपता, 1 जुलाई से होगा लागू, जल्द लॉन्च होगी आधिकारिक वेबसाइट, आवेदन की बारीकियों से कराया अवगत

प्राधिकरण के निदेशक गिरधारी सिंह रावत ने कहा कि सरकार की और से निर्धारित नियमों और मानकों को पूरा करने वाले सभी शिक्षण संस्थान प्राधिकरण से संबद्धता प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की जाएगी। तब तक संस्थानों से आवश्यक दस्तावेज और आवेदन संबंधी प्रपत्र तैयार रखने को कहा गया है।

प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के लिए दूरदर्शी पहल की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न धर्मों से संबंधित धार्मिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में एकरूपता लाई जाएगी। साथ ही प्राधिकरण की ओर से धार्मिक शिक्षा से जुड़ी परीक्षाएं आयोजित कर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यार्थी को धार्मिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की और से निर्धारित पाठ्यक्रम को 1 जुलाई 2026 से लागू किया जाएगा। बैठक में उप-पंजीयक राम सिंह, खुर्शीद अहमद, विजय कुमार, रमीज रजा व फरहा अजीम समेत प्रदेश के 63 शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, प्रबंधक और अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष :- 0135-2763508, 2763808 फैक्स :- 0135-2763507
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com
पत्र सं0: 423 दिनांक: 16/05/2026
ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना-2
अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा आमन्त्रित निविदा सं0 02/EE (Civil-III)/LMP/2026-27 की निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथियां निम्नवत् पुनरीक्षित की जाती है:
निविदा डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि : 23.05.2026 को 15.00 बजे तक
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 23.05.2026 को 15.00 बजे तक
निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की अन्तिम तिथि : 23.05.2026 को 16.00 बजे तक
निविदा खुलने की अन्तिम तिथि : 25.05.2026 को 11.30 बजे
अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" एवं निगम वैबसाईट www.ujvnl.com देखें।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित नवाचार अहम: डॉ. एस. फारूक

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज के 34 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने दो संकाय सदस्यों के साथ हिमालया वेलनेस कंपनी देहरादून इकाई का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य शैक्षणिक अध्ययन को औद्योगिक अनुभव से जोड़ना था।



विद्यार्थियों ने किया हिमालया वेलनेस इकाई का शैक्षिक भ्रमण

बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में मास्टर कार्यक्रम कर रहे विद्यार्थियों को कंपनी की निर्माण प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण पद्धतियों, अनुसंधान पहलों तथा हर्बल स्वास्थ्य सेवा एवं वेलनेस के क्षेत्र में उत्पाद विकास रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान हिमालया वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कंपनी के हालिया विकास कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने स्वास्थ्य अनुसंधान और उत्पाद नवाचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि उन्नत तकनीकों का उपयोग गुणवत्ता आश्वासन, पूर्वानुमान विश्लेषण तथा उपभोक्ता स्वास्थ्य समाधान में किया जा रहा है।

डॉ. फारूक ने विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा इस बात पर बल दिया कि स्वास्थ्य उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के साथ जोड़ना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भाजपा मसूरी मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक में शामिल हुए कृषि मंत्री

**मसूरी।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कुठालगेट स्थित स्वामी रामतीर्थ मिशन आश्रम में आयोजित भाजपा मसूरी मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन से होती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करता है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सभी पदाधिकारी केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और शक्ति केंद्र संयोजकों को सक्रिय होकर कार्य करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई तथा आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक-420 दिनांक- 16/05/2026
समय विस्तार-I
अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधि0अभि0 (अनु0) रा0ज0वि0गृह, कालागढ़ द्वारा आमंत्रित नि0सं0 03/EE(M)/RPS/2026-27 की तिथियां निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैं।
निविदा डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि: 29.05.2026,
निविदा प्राप्त होने की अन्तिम तिथि: 30.05.2026, 16.00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि: 01.06.2026, 15.30 बजे से
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट http://www.ujvnl.com देखें।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No. UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यूआरसीएमएस पोर्टल से राशन कार्ड सेवाएं हुई ऑनलाइन, अब घर बैठे बनेंगे नए कार्ड

**देहरादून:** भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना के अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (यूआरसीएमएस) पोर्टल लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब नागरिक घर बैठे नया राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने-हटाने तथा अन्य संशोधन कार्य आसानी से कर सकेंगे। सरकार द्वारा पुराने आरसीएमएस (रेशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल को आधुनिक तकनीक और सरल प्रक्रियाओं के साथ अपडेट कर यूआरसीएमएस पोर्टल तैयार किया गया है, जिससे आम नागरिकों को अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अब नए राशन कार्ड बनवाने अथवा पुराने राशन कार्ड में संशोधन कराने के लिए लोगों को दफ्तरों या राशन की दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नागरिक आधिकारिक पोर्टल ना.उंतजचक.दपब.पद पर सीधे ब्पजप्रमद स्वहपद के माध्यम से आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति नया राशन कार्ड बनवा रहा है तो उसे आधार कार्ड आधारित ओटीपी सत्यापन के माध्यम से लॉगिन करना होगा। वहीं पुराने राशन कार्ड धारकों को किसी भी संशोधन के लिए राशन कार्ड के मुखिया के पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करना अनिवार्य होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद राशन कार्ड में आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर सक्रिय होना आवश्यक है।

# महंगाई के कारण आम आदमी का जीना दूभर: जोशी

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

पांच राज्यों के चुनावों की समाप्ति पर केन्द्र सरकार ने दिया महंगाई का तोहफा

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के बेतहाशा दाम बढ़ने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महंगाई के नाम पर जनता को गुमराह करने वाली और बात-बात पर कांग्रेस सरकार को कोसने वाली भाजपा के राज में महंगाई अपने चरम पर पहुंच गई है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की समाप्ति पर केन्द्र की मोदी सरकार ने जनता को महंगाई का तोहफा दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, दालें, सब्जियां, दूध, बिजली, दवाइयां और यहां तक कि सोना-चांदी जैसी आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, कर्मचारी और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। आज स्थिति यह है कि आम आदमी की आय नहीं बढ़ रही, लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों ने घरेलू बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पेट्रोल और डीजल महंगे होने से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका असर हर वस्तु के दाम पर पड़ रहा है।नवीन जोशी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनता को राहत देने के लिए तत्काल प्रभाव से पेट्रोल डीजल और रसोई गैस पर करों में कमी करें, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाएं तथा जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें।

## कांग्रेस आज प्रदेश भर में करेगी विरोध प्रदर्शन

**देहरादून।** प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पेट्रोल डीजल और रसोइ गैस के बढे हुए दामों का प्रदेशभर में भारी विरोध करने को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के निर्देश पर कल (आज) 17 मई को उत्तराखंड प्रदेश के सभी जिला, महानगर, ब्लाक एवं नगर मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन के साथ भाजपा सरकार का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है।

Mahadevi Institute of Technology
10, New Road, Dehradun
(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Tehri Garhwal)
INVITES APPLICATION FOR DIRECTOR & FACULTY POSITION
DIRECTOR/PROFESSOR/ASSOCIATE PROFESSOR/ASSISTANT PROFESSOR IN THE FOLLOWING COURSES:
•BBA
•BCA
•B.Sc (IT)
•BA(H)JMC
•B.COM(HON.)
Eligibility: As per UGC Norms
Interested candidates may send their CV at E-mail: mitddun@rediffmail.com Within 05 days of this advertisement publication
Authorized Controller
MIT, Dehradun

# मानसून से पहले जलभराव रोकने, सफाई व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश

**डेंगू रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर हरिद्वार जिला प्रशासन ने डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विकासखंड और तहसील स्तर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि जनपद में बीमारी का प्रकोप न फैल सके। उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत, पंचायतीराज विभाग, खंड विकास अधिकारियों, शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई, झाड़ियों की कटाई और विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जल निकासी की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला मलेरिया अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में डेंगू से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अस्पतालों में डेंगू जांच की पर्याप्त व्यवस्था, मरीजों के लिए अलग वार्ड, ब्लड बैंक में पर्याप्त प्लेटलेट्स की उपलब्धता तथा आवश्यक दवाइयों का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह तैयार रखने पर जोर दिया।

विद्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि अभिभावकों को जागरूक किया जाए कि बच्चों को पूर्ण आस्तीन के कपड़े पहनाकर स्कूल भेजें। साथ ही स्कूलों में डेंगू से बचाव के उपायों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

जिलाधिकारी ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में कम से कम एक घंटा अपने घर और आसपास की सफाई के लिए जरूर निकाले। उन्होंने कहा कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि रुका हुआ पानी डेंगू के मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण बनता है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, एसपी ट्रैफिक निशा यादव, जिला मलेरिया अधिकारी चंद्रमोहन कंसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाए जाने के विरोध में फूंका सरकार का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी शिवमूर्ति पर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी किए जाने से आम जनता पर महंगाई की मार पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा कराने में भी नाकाम सरकार के खिलाफ छात्रों में गुस्सा है। ऐसे में इस सरकार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व विधायक रामयश सिंह और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि मोदी सरकार से हर वर्ग परेशान है। राजबीर सिंह चौहान और महेश प्रताप राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बढ़ने से आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है।



सरकार को कच्चे तेल की कीमत कम होने के समय हुए मुनाफे से जनता को राहत देनी चाहिए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और ब्लॉक अध्यक्ष रचना शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं अपने आप को सबसे ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रही है और पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ओपी चौहान और अशोक शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में आमजन त्राहि-त्राहि कर रहा है और गूंगी बहरी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और रविबाबू शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग महंगाई के बोझ से परेशान है। मायापुर ब्लॉक अध्यक्ष अजय गिरी और यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उत्कर्ष वालिया ने कहा कि तमाम वादे कर सरकार में आयी भाजपा किसी भी वादे को पूरा करने में नाकाम रही है। पार्षद महावीर वशिष्ठ और हिमांशु गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरे पर फोड़ती है। पार्षद सोहित सेठी और यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नितिन तेश्वर ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई से परेशान आम आदमी के लिए अपने परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से एससी एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि, ब्लॉक अध्यक्ष ज्वालापुर यशवंत सैनी, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस नलिनी दीक्षित, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू द्विवेदी, सुमन अग्रवाल, हिमांशु राजपूत, आशीष पंवार, सतेंद्र वर्मा, सीपी सिंह, अरूण चौहान, अरूण राघव, नवीन सैंस, बलराम गिरी कड़क, धनीराम शर्मा, मोहित अरियाल, गोविंद पाण्डेय, योगेश त्यागी, मनीष गुप्ता, जतिन सोढ़ी, मोहित गर्ग, मधुकांत गिरी, एलएस रावत, सुभाष कुमार, प्रतीक गुप्ता, सुनील प्रजापति, भरत ठाकुर, रईस ठेकेदार आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### झांसे में लेकर महिला के सोने के आभूषण ठगे

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में महिला को बातों में उलझाकर सोने के आभूषण ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। राजीव नगर कॉलोनी निवासी गीता पत्नी वेद प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात करीब 8:10 बजे वह शिवलोक कॉलोनी से अपने घर लौट रही थीं। गोविंदपुरी स्थित यूको बैंक के पास एक युवक ने उनसे मेरठ जाने वाली बस के बारे में जानकारी मांगी। इसी दौरान दूसरा युवक भी वहां पहुंच गया और दोनों ने बातचीत के दौरान महिला को अपने झांसे में ले लिया। आरोप है कि युवकों ने महिला से कानों के सोने के कुंडल और गले में पहना सोने का ओम उतरवा लिया और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद पति का फोन आने पर महिला को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद दोनों ने आसपास आरोपियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### आश्रम की गोशाला से साहीवाल गाय चोरी

**हरिद्वार।** सप्तसरोवर मार्ग स्थित एक आश्रम की गोशाला से साहीवाल नस्ल की गाय अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्रह्म निवास उत्तर भाग आश्रम निवासी राकेश नौटियाल पुत्र जय प्रकाश नौटियाल ने नगर कोतवाली में शिकायत देकर बताया कि 13 मई की रात अज्ञात चोर आश्रम परिसर में बनी गोशाला से लाल रंग की साहीवाल नस्ल की गाय चोरी कर ले गए। सुबह गोशाला पहुंचने पर गाय गायब मिली। आश्रम के लोगों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन गाय का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग, संचालक पर मुकदमा

**बहादराबाद।** क्षेत्र के माजरा शांतरशाह में शुक्रवार दोपहर मूलदासपुर उर्फ माजरा शांतरशाह स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझाए जाने से बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद फैक्ट्री संचालक संजय सैनी से पुलिस ने लाइसेंस और एनओसी संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री बिना अनुमति और रजिस्ट्रेशन के संचालित की जा रही थी। साथ ही बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण भी किया गया था। बहादराबाद कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि फैक्ट्री संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### निर्माणाधीन मकान से एसी के कॉपर पाइप चोरी, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** ज्वालापुर गोविन्दपुरी क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर मकान में फिटिंग के लिए लगाए गए भारी मात्रा में कॉपर (तांबे) के पाइप चोरी कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनखल की कृष्णा गार्डन सोसाइटी के रहने वाले हेमंत कुमार पुत्र रामबाबू सिंह ने ज्वालापुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

# विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गयी प्रतीक यादव की अस्थियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के दिवंगत बेटे प्रतीक यादव की अस्थियां वीआईपी घाट पर पूरे विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गयी। इस दौरान प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव, दोनों बेटियां, योगगुरु स्वामी रामदेव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव और सांसद आदित्य यादव समेत कई सपा नेता मौजूद रहे। यादव परिवार के तीर्थ पुरोहित पंडित शैलेश मोहन ने अस्थि प्रवाह संपन्न कराया। इस दौरान अपर्णा यादव भावुक नजर आईं। प्रतीक यादव के चचेरे भाई सांसद आदित्य यादव ने अस्थि कर्म कराया। गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रतीक यादव का लखनऊ में निधन हो गया था। शनिवार को परिजन उनकी अस्थियां लेकर हरिद्वार पहुंचे थे। योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि प्रतीक यादव बहुत ही हंसमुख और मिलनसार व्यक्ति थे। उनका असमय निधन होना पूरे परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। स्वामी रामदेव ने कहा कि गौ माता की सेवा और सनातन धर्म में उनकी अटूट निष्ठा थी। वे गौशाला चलाते थे और उनका जीवन बहुत ही प्रमाणिक आदर्श जीवन रहा। ईश्वर प्रतीक यादव की दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करे। स्वामी रामदेव ने कहा कि किसी को भी विश्वास नहीं था कि प्रतीक यादव इतनी कम उम्र में सबको छोड़कर चले जाएंगे। योगगुरु स्वामी रामदेव ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जिम के साथ योग करना भी आवश्यक है। जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन कभी भी अपने पथ से हटना नहीं है। पंडित शैलेश मोहन ने बताया कि शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव अस्थि कलश लेकर हरिद्वार आए थे। उन्होंने ही



अस्थि कर्म संपन्न कराया है। मां गंगा से प्रार्थना की गई है, मां गंगा प्रतीक यादव की आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को गहरा दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान प्रतीक यादव के मामा के बेटे सक्षम गुप्ता उनकी दोनों बेटियां शाइन और ब्लश के अलावा स्थानीय सपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर यादव, आशीष यादव, लवदत्ता, राजेंद्र पाराशर, साजिद अली, शैलेष मोहन, अभिषेक शर्मा, नवाब, वीरेंद्र यादव, गौरव यादव, कार्तिक, विक्की, हाजी शहजाद, नसरूद्दीन, मुंशी शकील आदि भी मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करते किरायेदार दबोचा, पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 15 मई को छोटी शाखन निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली कनखल में तहरीर देकर बताया कि उनके किराये के मकान में रहने वाला एक अन्य किरायेदार उनकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। परिजनों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान राजनाथ सिंह पुत्र स्व. देव कुमार निवासी ग्राम जमीरा, थाना मोफासिल, जिला भोजपुर आरा बिहार, हाल निवासी देवनगर कॉलोनी कनखल के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि आरोपी और पीड़ित परिवार एक ही मकान में किराये पर रहते थे। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी किरायेदार को कमरा देने से पहले उसका पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं।

# मदरसा दारुल उलूम रशीदिया में लगा ऐतिहासिक एडोलिसेंट हेल्थ कैंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम रशीदिया में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सहयोग से एडोलिसेंट चाइल्ड हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के पार्षद अहसान अंसारी की अध्यक्षता में किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों में बीमारियों की प्रारंभिक पहचान के उद्देश्य से आयोजित विशाल एडोलिसेंट चाइल्ड हेल्थ कैंप में 1122 बच्चों, किशोरियों और शिक्षकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी मापन, एनीमिया जांच, पोषण संबंधी स्क्रीनिंग, त्वचा एवं सामान्य रोगों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग और स्वच्छता संबंधी जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी। गंभीर या विशेष उपचार की आवश्यकता वाले बच्चों को आगे की जांच के लिए अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि किशोरावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। मदरसा प्रशासन ने भी ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। शिविर के आयोजन में डा. शुभम, डा. गौरव, डा.मृणालिनी, स्टाफ नर्स दीपिका, रीना, समरीन, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, वॉलंटियर्स और मदरसा स्टाफ सहित सीएमडी धर्मेंद्र चौधरी, मुख्य कार्यकारी प्रबंधक गीता वर्मा, फील्ड मैनेजर शहनाज हुसैन का विशेष सहयोग रहा।

# सिडकुल की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से मिले पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और सिडकुल की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पश्चिम बंगाल चुनाव में जीत की शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही सिडकुल की वर्तमान परिस्थितियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने संबंधित उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। राजीव शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व में



उत्तराखंड राज्य निरंतर विकास, निवेश एवं औद्योगिक विस्तार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सिडकुल क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं को सरकार द्वारा गंभीरता से लिया जाना अत्यंत सराहनीय है, जिससे उद्योगों का विश्वास मजबूत होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सभी लंबित मुद्दों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सी एंड एस इलेक्ट्रिक लि. डीजीएम एचआर देवेंद्र शर्मा, ओम बायोटेक के रोहित भाटिया, श्री रक्षा इंडस्ट्रीज के मनोज पुंडीर, जिनीटी के भोला सिंह, एसएसई के सुनील चौधरी आदि शामिल रहे।

# चुनावी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव भुवापुर चमरावल में चुनावी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पहले जिला अस्पताल हरिद्वार ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए दून अस्पताल देहरादून रेफर कर दिया। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव भुवापुर चमरावल निवासी मुल्कीराज ने फेरूपुर चौकी में तहरीर देकर बताया कि 11 मई की शाम को सुनील कुमार पुत्र खड़क सिंह ने उसके भाई राजसिंह को फोन करके अपनी ट्यूबवेल पर बुलाया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद सुनील और उसके दो अन्य साथियों ने राजसिंह के पहुंचते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर गांव निवासी राजकुमार और कर्म सिंह मौके पर पहुंचे तो आरोपी घायल अवस्था में राजसिंह को छोड़कर फरार हो गए। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सुनील कुमार चुनावी रंजिश के चलते पुरानी खुन्नस रखता है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया चिकित्सको में पीड़ित की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार में बताया मारपीट के मामले तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में सुशील कुमार व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# स्वच्छता सेवा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

## सामाजिक कार्यकर्ता जेपी, बड़ोनी, अनिल बिष्ट व नवीन अग्रवाल को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वच्छता सेवा समिति की ओर से नगर निगम परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जेपी बड़ोनी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल बिष्ट व हिंदू रक्षक दल के प्रमुख नवीन अग्रवाल को सम्मानि किया गया। स्वच्छता सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया चंचल ने कहा कि समिति सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति के इस संघर्ष में सामाजिक कार्यकर्ता जेपी बड़ोनी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल बिष्ट व नवीन भैया का सहयोग भी समिति को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले को निगम अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। जेपी बड़ोनी, अनिल



बिष्ट व नवीन अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता सेवा समिति का सहयोग करते हुए सफाई कर्मचारियों को उनका हक दिलाया जाएगा। पहाड़ी जनकल्याण ट्रस्ट की अध्यक्ष मुस्कान नेगी व महासचिव उमेश पांडे ने कहा कि कर्मचारियों को अपने हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। पहाड़ी जनकल्याण ट्रस्ट कर्मचारियों के अधिकारियों के लिए आवाजा उठा रही स्वच्छता सेवा समिति के साथ है। सम्मान समारोह की अध्यक्षता नवीन अग्रवाल व संचालन आशीष कालरा ने किया। इस अवसर पर श्याम सिंह पवार, बबीता पवार, किरण पार्चा, शोभा, रोमा पेवल, कमलजीत सिंह, मुकेश कुमार, मोनू कल्याण, अनिल टांक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ओवरलोडिंग करने वाले दो कूड़ा वाहनों पर लगा 20 हजार का जुर्माना

**कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी, नगर निगम हरिद्वार ने की सख्त कार्रवाई**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम ने शहर में साफ-सफाई और कूड़ा उठाने के काम में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ा रुख अपना लिया है। शुक्रवार (15 मई) को चेकिंग के दौरान कूड़ा उठाने वाली कंपनी के दो वाहन अपनी क्षमता से ज्यादा कूड़ा (ओवरलोडिंग) ले जाते हुए पकड़े गए। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने संबंधित कंपनी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। इसके साथ ही कंपनी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नगर निगम के अधिकारी शुक्रवार को क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उनके सामने आया कि शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने वाली अनुबंधित एजेंसी श्केएल मदानश के दो वाहन क्षमता से बहुत ज्यादा कूड़ा लादकर चल रहे थे। बीच सड़क पर इस तरह ओवरलोडिंग मिलने से आम जनता की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और सफाई के नियमों का उल्लंघन हो रहा था। अधिकारियों ने इसे कंपनी की बड़ी लापरवाही और समझौते की शर्तों का उल्लंघन माना।

नगर निगम प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। अधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर भविष्य में दोबारा ऐसी कोई कमी या शिकायत मिली, तो कंपनी के खिलाफ इससे भी ज्यादा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम ने सभी काम करने वाली एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कूड़ा उठाने और उसे ले जाने का काम तय नियमों और सुरक्षा के दायरे में रहकर ही किया जाए।

# नहर के रजवाहे में मिला युवक का शव, मची सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र के ग्राम सराय में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय लोगों ने नहर के रजवाहे में एक अज्ञात युवक का शव देखा। मामले की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह ग्रामीणों द्वारा ग्राम सराय के रजवाहे में एक शव होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर एसआई मनीष भंडारी चेतक पुलिस कर्मियों की टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। तलाशी लेने पर मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहचान के लिए रखवा दिया है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच लग रही है। शुरुआती जांच में शरीर पर चोट का कोई बाहरी निशान नहीं पाया गया है और शव करीब 3 से 4 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि आस-पास के इलाकों और थानों की मदद से मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

# अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं सिडकुल श्रमिक : वरूण बालियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता वरूण बालियान ने कहा कि सिडकुल क्षेत्र में 95 प्रतिशत श्रमिक ठेकेदारी प्रथा के तहत काम करने को मजबूर हैं और वेतन बढ़ोतरी आदि मांगों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरूण बालियान ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि मजदूरों को अपने हक और अधिकारों के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि मजदूरों की आवाज तक नहीं उठा पा रहे हैं। यदि जनप्रतिनिधि समय रहते इन मुद्दों को गंभीरता से लेते, तो कर्मचारियों के सड़कों पर उतरने की नौबत नहीं आती। बालियान ने आरोप लगाया कि ठेकेदार, कंपनियां और कुछ जनप्रतिनिधि मिलकर सत्ता




का दुरुपयोग कर रहे हैं और मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपने नियमों का हवाला देकर श्रमिकों का उत्पीड़न कर रही हैं, जबकि अधिकारियों को स्थिति की पूरी जानकारी होने के बावजूद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। वरुण बालियान ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल की बड़ी कंपनियों के कर्मचारी सड़कों पर नहीं दिखे, क्योंकि उन्हें कंपनी बेस पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सिडकुल स्थापना के समय 70 प्रतिशत स्थानीय और 30 प्रतिशत बाहरी लोगों को रोजगार देने की सहमति बनी थी, जो अब पूरी तरह से नजरअंदाज हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते मजदूर सड़कों पर उतरने का मजबूर हो रहे हैं। मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन के साथ ओवरटाइम, बोनस का भुगतान किया जाए। जिससे मजदूर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। वरूण बालियान ने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर मजूदरों को न्याय नहीं मिला तो राजधानी देहरादून में भी इस मामले को उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों के आंदोलन को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। मजदूरों को इससे सावधान रहना होगा। प्रैसवार्ता के दौरान युवा इंटक के जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह, चंद्रेश कुमार, अशोक गिरी, पूर्व पार्षद इसरार सलमानी, पार्षद विवेक भूषण विक्की, अंकित चौहान, अयान, रियाज अंसारी, परितोष त्यागी, दिव्यांश अग्रवाल, लक्ष्य चौहान, कैश खुराना, जावेद खान, विवेक, विकास कुमार, राज किशोर आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार**
ई-मेलः eeyantrik.hw@gmail.com

पत्रांकः– 851/निविदा/18 **//निविदा सूचना//** दिनांकः– 15.05.2026

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से कुम्भ मेला–2027 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अर्ह फर्मो से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 01.06.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम हरिद्वार, के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन 3:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम हरिद्वार, में मनोनीत समिति एवं इच्छुक ठेकेदारो एवं उनके अधिकृत की उपस्थिति में खोली जायेगी, उक्त तिथि में किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी :–

| क्र० स० | कार्य का नाम/विवरण | निविदा प्रपत्रो की लागत (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1. | कुम्भ मेला क्षेत्रान्तर्गत बी0एच0ई0एल0 मजार के पास पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 2. | कुम्भ मेला क्षेत्रान्तर्गत बी0एच0ई0एल0 बैरियर नं0–05 के पास पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |

नोटः– निविदा प्रपत्रो को दिनांक 30.05.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अधिशासी अभियंता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हरिद्वार/कोटद्वार से नगद/डिमांड ड्राफ्ट/मनी आर्डर के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्रो को डाक द्वारा क्रय करने पर प्रत्येक निविदा के लिए रू0 100.00/– डाक खर्च अलग से भुगतान करना होगा। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग का कोई उत्तर दायित्व नही होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी चकराता का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चकराता में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. दिनेश चौहान ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, व्यवस्थाओं और टीकाकरण अभियान की प्रगति का जायजा लिया।



■ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र तथा टीकाकरण कक्ष सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं तथा अस्पताल की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को सेवाओं में और सुधार लाने के निर्देश दिए। डॉ. चौहान ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उपचार व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए उन्होंने एचपीवी (एचपीवी) वैक्सीन अभियान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशो. रियों के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान का लक्ष्य समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किशोरी इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. विपिन तोमर, डॉ. अभिमन्यु सिंह राठौर, डॉ. आजाद सिंह, डॉ. नेहा चौहान सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव 23 मई को

**विकासनगर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पछवादून ने शहर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार जैन और चुनाव निर्वाचन समिति ने वर्ष 2026-2029 के लिए अध्यक्ष और महामंत्री पदों के चुनाव की विस्तृत जानकारी दी गई।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 17 मई को किया जाएगा। नामांकन पत्र 18 मई को सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक जमा होंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 मई शाम 6 बजे तक निर्धारित है। प्रत्याशी सूची का प्रकाशन भी 19 मई को ही होगा। मतदान 23 मई को सुबह 8.00 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। मतगणना उसी दिन मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद शुरू होगी। अनिल कुमार जैन ने बताया कि नामांकन पत्र पार्टी हॉल, पाम बेजो, गुरु कृपा होटल में मिलेंगे। इच्छुक उम्मीदवार वहीं अपने नामांकन पत्र जमा भी कर सकेंगे। मतदान और मतगणना त्रिशला देवी जैन अतिथि भवन में होगी।

# चकराता की वादियों के मुरीद हुए महाराष्ट्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** महाराष्ट्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्रीराम मधुसूदन मोदक ने पांच दिवसीय चकराता प्रवास के दौरान क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण और शांत माहौल की जमकर सराहना की। शनिवार को वापस लौटने से पूर्व उन्होंने कहा कि चकराता देश के सबसे सुरक्षित, स्वच्छ और प्राकृतिक रूप से समृद्ध हिल स्टेशनों में से एक है।

करीब पांच दिन पहले चकराता पहुंचे न्यायाधीश मोदक ने अपनी सादगी से सभी को प्रभावित किया। देहरादून से उनकी अगवानी के लिए पहुंची सरकारी फ्लीट और सुरक्षा व्यवस्था को उन्होंने वहीं से वापस भेज दिया। उनका कहना था कि चकराता पूरी तरह सुरक्षित स्थान है और यहां किसी विशेष सुरक्षा या लाव-लश्कर की आवश्यकता नहीं है। चकराता पहुंचने के बाद भी उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को लौटाकर अपनी पत्नी के साथ सामान्य पर्यटक की तरह क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रवास के दौरान उन्होंने कोटी कनासर, लोखंडी, टाइगर फॉल, नागथात और बेराटखाई समेत कई पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। साथ ही बिसोई स्थित महासू देवता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।



■ न्यायाधीश ने चकराता क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण की जमकर की सराहना

टूरिस्ट डेवलपमेंट एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगम्बर चौहान ने बताया कि न्यायाधीश मोदक चकराता के किमोना स्थित होटल हिमालयन पैराडाइज में ठहरे थे। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने कहा कि वह देश-विदेश के अनेक प्रसिद्ध हिल स्टेशनों का भ्रमण कर चुके हैं, लेकिन चकराता की शुद्ध हवा, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य उन्हें बेहद खास लगा।

उन्होंने कहा कि चकराता अभी भी एक अनछुआ पर्यटन स्थल है, जहां की प्राकृतिक छटा सहज ही पर्यटकों को आकर्षित करती है।

साथ ही जौनसार-बावर की समृद्ध लोक संस्कृति और यहां पर्यटन की अपार संभावनाओं की भी उन्होंने सराहना की। न्यायाधीश ने कहा कि जब भारत में ही इतने खूबसूरत और मनमोहक पर्यटन स्थल मौजूद हैं तो लोगों को विदेश जाने की आवश्यकता नहीं है।

# मजबूत संगठन ही चुनाव में सफलता की कुंजी: कटारिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की संगठनात्मक द्वारा आयोजित बैठक में बसपा ने पार्टी ने बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं से जल्द से जल्द पो. लिंग बूथों का गठन पूर्ण करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया गया।

■ बूथ स्तर तक संगठन का मजबूत करने में जुटी बसपा

बैठक को संबोधित करते हुए बसपा प्रभारी मंगतराम कटारिया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव और बूथ स्तर तक सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन विस्तार में जुटने का आह्वान किया। कटारिया ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी हमेशा सर्व समाज के हितों की राजनीति करती आई है और पार्टी की नीतियों को जनता का समर्थन मिल रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष केपी सिंह, महावीर सिंह, जिला खजांची सुरेंद्र झाझांइया, रमेश चंद,सोनू सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# शिवालिक एकेडमी में पदभार व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में दिनांक 16 मई 2026 को सत्र 2026-27 के लिए पदभार एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं सेवा भावना का विकास करना था।




■ कृष्णा फर्सवान हेड बॉय व जाहन्वी को हेड गर्ल बनाया

समारोह के दौरान विद्यालय के विभिन्न नेतृत्व पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपे गए। विद्यालय के हेड बॉय पद हेतु कृष्णा फर्सवान, हेड गर्ल पद हेतु जाह्नवी पुंडीर, स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय पद हेतु पीयूष असवाल तथा स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल पद हेतु आकांक्षा पंत को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के चारों सदनों अरावली, विंध्या, सतपुड़ा एवं शिवालिक सदन के लिए हाउस कैप्टन, वाइस हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन एवं प्रीफेक्ट्स का चयन किया गया। विद्यालय चेयरमैन सोमदत्त त्यागी, प्रधानाचार्या रजनी त्यागी, कोऑर्डिनेटर तान्या त्यागी, हाउस इंचार्ज एवं शिक्षकों द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र-प्रतिनिधियों ने विद्यालय के नियमों का पालन करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने की शपथ ली। शिक्षिका ऋतु त्यागी ने नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शपथ दिलाई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सेवा पूरी निष्ठा, सत्यनिष्ठा व उत्कृष्ट क्षमता के साथ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सोमदत्त त्यागी, प्रधानाचार्या रजनी त्यागी, कोऑर्डिनेटर तान्या त्यागी एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ऋतु त्यागी द्वारा किया गया।

## एक नजर .......

### एडीबी को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कलक्ट्रेट सीाागार कक्ष मे एडीबी की ओर से बौराडी में कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों व दुकानदारों के साथ कवर्ड मार्केट आदि जगहों पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों की ओर से कराए जा रहे कार्यों का गुणवत्तापूर्वक न कराए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम टिहरी की अध्यक्षता में लोनवि, जल निगम, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की गुणवत्ता को परखने की बात कही। शौचालय निर्माण कराने के लिए केयर टेकर रूम भी बनाए जाने की मांग अध्यक्ष नगरपालिका की ओर से की गई जिस पर जिलाधिकारी ने एडीबी के अधिकारियों को संबंधित मांग डीपीआर में शामिल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पहाडी शैली को प्रदर्शित करने वाले चित्रण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कवर्ड मार्केट की सीढियों पर टाइल्स का काम तीन दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रविवार से फर्निचर बाजार खोलने की बात कही जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सहमति जताई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवराज सजवाण, एसडीएम टिहरी कमलेश मेहता, डीटीओ एसएस राणा सहित संबधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### खाई में गिरने से महिला की मौत

**नई टिहरी।** थाना क्षेत्र घनसाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत होल्टा नैलचामी में शनिवार सुबह हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान बबीता देवी 28 पत्नी राजेंद्र सहिं के रूप में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बबीता देवी शनिवार सुबह अपने पशुओं के लिए जंगल में चारापत्ती लेने गई थी इसी दौरान उन्हें जंगली जानवर दिखाई दिया जिससे वह डर गई। इस दौरान संतुलन बिगडने से वह पहाडी से नीचे गिरकर गहरी खाई में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को उपचार के लिए पीएचसी पिलखी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों की उसकी गंभीर आलत को देखते हुए तत्काल एयरलिप्ट से हायर सेंटर भेजने की मांग की लेकिन समय पर एयरलिप्ट सुविधा नहीं मिलने पर उसकी मौत हो गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 उषा भट्ट ने बताया कि महिला को सुबह करीब साऐ ग्यारह बजे अस्पताल लाया गया उसकी हालत गंभीर बनी थी।

### वट सावित्री की पूजन करने को पहुंची सुहागिन महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** श्री हनुमद्धाम मंदिर परिसर में सुहागिनों द्वारा वट सावित्री व्रत के अवसर पर पति की लंबी आयु और वैवाहिक सुख के लिए वट वृक्ष का पूजन किया। आपको बता दें कि यह व्रत ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाता है। सुहागिन स्त्री अपने पति की लंबी आयु के लिए इस दिन व्रती रहकर वट वृक्ष और माता सावित्री की पूजा करती है। वट वृक्ष की जड़ एवं तने को शृंगार अर्पित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करती है। इस मौके पर हनुमद् धाम समिति के महंत विष्णु महावर, आचार्य जीवन चंद भट्ट, सुरेश नंद कोठियाल एवं व्रती सुहागिन महिलाएं उपस्थित रहीं।



# उक्रांद ने श्रमिकों के शोषण व उत्पीड़न के खिलाफ किया प्रदर्शन

■ श्रमिकों का हक मारने वाली कंपनियों से लेंगे जवाब: भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सिडकुल सेलाकुई में लगातार कंपनियों में मजदूरों को अपने हकों के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। आज ग्लोबल मेडिकिट लिमिटेड में भी श्रमिकों ने शोषण, उत्पीड़न और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।



उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रमिकों का हक मारने वाली कंपनियों को अब जवाब देना होगा। केंद्रीय संगठन मंत्री प्रकाश भट्ट ने साफ कहा कि सिडकुल की कंपनियों में मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो कंपनियां श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने का प्रयास करेंगी, उनके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। उत्तराखंड क्रांति दल मजदूरों की लड़ाई सड़क से लेकर प्रशासन और प्रबंधन के हर दरवाजे तक लड़ता रहेगा। उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं ने कंपनी मैनेजमेंट से वार्ता कर मजदूरों की कई मांगों पर सहमति बनवाई, जिसके बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त कराया गया। लेकिन साफ चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में फिर श्रमिकों का उत्पीड़न हुआ तो आंदोलन और बड़ा होगा।कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रांति दल पछवादून के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र पंवार, कार्यकारी अध्यक्ष अतुल बेंजवाल, जिला प्रवक्ता पियूष नेगी, जिला मीडिया प्रभारी हरीश कुनियाल, युवा जिला अध्यक्ष विपिन अन्थवाल एवं सहसपुर ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल नेगी आदि मौजूद रहे।

# तहसील बालगंगा के नवनिर्मित भवन प्रगति की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में तहसील बालगंगा के नवनिर्मित आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, धनराशि आवंटन एंव गुणवत्ता संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि अनापवासीय भवन के लिए 274,40 लाख रूपये के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 109,76 लाख रूपये तथा आवासीय भवन के लिए 147,71 लाख रूपये के सापेक्ष 88,62 लाख रूपये की धनराशि उपलबध कराई जा चुकी है। साथ ही द्वितीय किश्त जारी करने की स्वीकृति उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के साथ प्रदान की जाएगी। अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग की ओर से बताया गया कि वर्तमान तक 85 लाख रूपये व्यय किए जा चुके है। तथा निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 48 प्रतिशत है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बताया गया कि भूमि समतलीकरण एवं चीड के पेडों के काटने की अनुमति प्राप्त करने में समय लगने के कारण निर्माण कार्य में विलंब हुआ है। बैठक में उप जिलाधिकारी घनसाली मंजू राजपूत के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, पूर्व सैनिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में क्वीटी से मुनस्यारी जा रही एक टैक्सी हरकोट बैंड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में पूर्व सैनिक की मौत हो गई, जबकि चालक समेत पांच लोग घायल हो गए. इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी में प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। टैक्सी संख्या यूके 05-टीए 5586 शनिवार सुबह क्वीटी से मुनस्यारी की ओर जा रही थी।

हरकोट बैंड के पास अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में बला गांव निवासी नेत्र सिंह राणा की मौत हो गई। मृतक पूर्व सैनिक थे। कैंटीन से सामान लाने के लिए मुनस्यारी जा रहे थे। वहीं, बला गांव के ही प्रताप सिंह, हरीश सिंह, यमुना देवी, ममता और चालक चंचल सिंह कोरंगा घायल हो गए। सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष मुनस्यारी राजू पांगती मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुनस्यारी पहुंचाया।

# घनसाली बस अड्डे का अधूरा निर्माण जल्द होगा पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना के मुख्य बाार घनसाली में लंबे समय से अधूरे पडे उत्तराखंड परिवहन विभाग के बहुउददेशीय बस अडडे के निर्माण कार्य को आखिरकार नई गति मिल गई है। क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह एवं नगर पंचायत अध्यज्ञ आनंद बिष्ट के लगातार प्रयास के बाद शासन ने बस अडडे के शेष निर्माण कार्यों के लिए अतिरिक्ति धनराशि स्वीकृत की है। शासनादेश जारी होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

■ शासनादेश जारी होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर

जानकारी के अनुसार बस अडडे परिसर को व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाए जानेके लिए अतरिक्ति कार्य में परिसर का पक्कीकरण, जल निकाशी, जाली निर्माण, कैंटीन निर्माण तथा स्ट्रीट लाइट आदि कार्य शामिल हैं। शासन द्वारा लगभग 95 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे वर्षों से अधूरा पडा यह महत्वपूर्ण कार्य अब जल्द पूरा हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि घनसाली बाजार में प्रतिदिन वाहनों की भारी आवाजाही के कारण अकसर जाम की स्थिति बनी रहती है। बस अडडे तैयार होने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। विशेष रूप से चारधाम यात्रा एवं अन्य धार्मिक यात्राओं के दोरान आने वाले तीर्थ यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह ने हा कि जनता की सुविधा उनकी प्राथमिकता है ओर धनसाली बस अडडा क्षेत्र के विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण योजना है। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने हा कि बस अडडा निर्माण पूर्ण होने से घनसाली को जाम की समस्याय से निजात मिलेगी और लोगों को आवागम की सुविधा मिलेगी। इसके लिए विधायक व वे लगातार प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि धनराशि मिलने के बाद अब शेष कार्य जल्द पूर्ण को सकेंगे।

# राज्य सूचना आयुक्त ने ली लोक सूचना अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त दलीप सिंह कुंवर की अध्यक्षता में आज जिला सभागार, चमोली में जनपद स्तरीय लोक सूचना अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही को मजबूत बनाने और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर विस्तार से चर्चा हुई।



■ आमजन तक सूचना पहुंचाना आयोग का मूल उद्देश्य: कुंवर

बैठक को संबोधित करते हुए सूचना आयुक्त दलीप सिंह कुंवर ने कहा कि आयोग का मूल उद्देश्य सूचना का अधिकार आमजन तक पहुंचाना है। शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सूचनाओं का समयबद्ध एवं सरल रूप से उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी लोक सूचना अधिकारियों से पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सचेत किया कि यदि सूचना उपलब्ध होने के बावजूद समय पर प्रदान नहीं की गई, तो नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनें। उन्होंने कहा, ष्प्रथम अपीलीय अधिकारी स्वयं को पीड़ित की स्थिति में रखकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करें।ष इसके अलावा, उन्होंने आरटीआई के प्रभावी प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया ताकि आम नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

लंबित मामलों को समाप्त करने के लिए सूचना आयुक्त ने अपीलीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरटीआई से संबंधित प्रकरणों की प्रत्येक 15 दिन में नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

बैठक के समापन पर जिलाधिकारी गौरव कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त को मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएफओ सर्वेश दुबे, मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां, पीडी आनन्द सिंह, जिला शिक्षाधिकारी श्रीकांत पुरोहित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवलसारी में 11 जून से होगा तितली महोत्सव, तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तितलियों का संसार माने जाने वाले प्रसिद्व पर्यटक स्थल देवलसारी में सातवां तितली महोत्सव 11 जून से शुरू हो गया है। देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास समिति इसकी तैयारी में जुटी है। इसके लिए ऑनलाइन प्रचार-प्रसार भी शुरू किया गया है।

■ कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रचार-प्रसार शुरू

जैव विविधता से परिपूर्ण स नैसर्गिक सौंदर्यीता से परिपूर्ण देवलसारी पर्यटक स्थल में इस बार 11 जून से 16 जून तक तितली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद व प्रसिद्व फोटोग्राफर प्रतिभाग करेंगे।

इस आयोजन को कराने वाली देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास समिति के निदेशक अरूण गौड ने बताया कि देवलसारी में इस बार 11 जून से तितली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिससे बडी संख्या में मेहमाने के आने की उम्मीद है। समिति की ओर से इसकी तैयारियां काफी पहले से शुरू की गई है। तितली महोत्सव में मेहमानो को ट्रेकिंग, बर्ल्ड वाचिंग व विलेज भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों की ओर से गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूल बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सातवीं बार देवलवारी में तितली महोत्सव का आयोजन हो रहा है इसमें ऑनलाइन प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी इस महोत्सव में बढ-चढकर प्रतिभाग करने को कहा है। इस अवसर पर स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद खालिद से बदलकर मोहम्मद खालिद हुसैन कर लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद खालिद हुसैन S/O राहत हुसैन के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**पता: कुसुम विहार, सिंगल मंडी, देहरादून**

**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, देहरादून।**
**DC/49/CC/704/2022**

SH. VIVEK PANDEY H.NO. 5/149, Mata Mandir Road Ajabpur Kalan,Near U.B.I. Dehradun, Uttarakhand - 248001
.......Complainant.

**बनाम्**

1- S.A. BUILTECH ( BUILDERS), Office at Ertigo Appartment, Mussoorie Road near Malsi Dear Park,Dehradun (Uttarakhand)- 248001
2- Sh. Prem Dutt Sharma ( Partner of S.A.Builtech) Office at- Site Office Lawai Appartment ,Ladpur, Rajpur Road, Dehradun (Uttarakhand) -248001
.....Oppiste Parties

**नोटिस बनाम् उपरोक्त विपक्षीगण 1 एवं 2**

आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त परिवादी द्वारा आपके एवं आपके प्रतिष्ठान के विरूद्व इस जिला आयोग में निष्पादन वाद दर्ज किया गया है। अतः आप दिनांक 12.06.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे इस जिला आयोग में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर आपके विरूद्व ,एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उचित आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

**आदेशनुसार**
**( पुष्पेन्द्र खरे )**
**अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग देहरादून**

# केदार में पहली बार सजेगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का दिव्य महाआयोजन



धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का बनेगा ऐतिहासिक साक्षी केदारनाथ धाम, तैयारियों को लेकर धर्मस्व एवं संस्कृति सचिव ने अधिकारियों संग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** हिमालय की पावन वादियों में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम आगामी 11 जून को एक ऐतिहासिक और गौरवशाली पल का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार बाबा केदार की दिव्य धरा पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भव्य एवं अलौकिक आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन को लेकर शासन और प्रशासन ने तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में धर्मस्व एवं संस्कृति सचिव युगल किशोर पंत ने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सचिव युगल किशोर पंत ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में इस पर्व का आयोजन देशभर के श्रद्धालुओं और सनातन संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध, सुव्यवस्थित और भव्य स्तर पर सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव मिल सके।

बैठक के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, मंच व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं लाइव प्रसारण सहित सभी व्यवस्थाओं पर गहन चर्चा की गई। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हों। साथ ही उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष पहली बार श्री केदारनाथ धाम में यह आयोजन धार्मिक भव्यता, सांस्कृतिक गरिमा और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय संगम के रूप में मनाया जाएगा। माना जा रहा है कि यह आयोजन केदारनाथ यात्रा के इतिहास में एक नई सांस्कृतिक पहचान स्थापित करेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, अधिशासी अभियंता राज. विंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# विश्व परिवार दिवस पर गडोरा में जागा कानूनी चेतना का दीप,

महिलाओं और ग्रामीणों को बताए अधिकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग की ओर से "विश्व परिवार दिवस" के अवसर पर ग्राम पंचायत गडोरा में एक व्यापक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश रुद्रप्रयाग के मार्ग-दर्शन में संपन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग पायल सिंह ने की।

इस दौरान सचिव पायल सिंह ने घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, विवाह, तलाक, महिलाओं के अधिकार तथा पैतृक संपत्ति में उत्तराधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता और सलाह उपलब्ध कराई जाती है, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे।

कार्यक्रम में श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, श्रमिक पंजीकरण, सामा. जिक सुरक्षा योजनाओं, दुर्घटना सहायता, पेंशन योजनाओं, मातृत्व लाभ सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

शिविर का मुख्य आकर्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलेंटियर्स द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक रहा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा, सामाजिक कुरीतियों, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों जैसे संवेदनशील विषयों को बेहद प्रभावशाली और सरल अंदाज में प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसआईआर को लेकर प्रशासन और राजनीतिक दलों की बैठक



**देहरादून:** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों को एसआईआर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 नियुक्त करने की अपील की गई, ताकि पुनरीक्षण कार्य त्रुटिरहित ढंग से निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 29 मई से 7 जून तक गणना प्रपत्रों की प्रिंटिंग एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्य संपन्न किया जाएगा। इसके उपरांत 8 जून से 7 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन करेंगे। इसी अवधि में नए पोलिंग बूथों को सम्मिलित करते हुए बूथों का अंतिम निर्धारण भी किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 14 जुलाई को मतदाता सूची के प्रथम ड्राफ्ट का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 14 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा 11 सितंबर तक उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इसमें सभी पात्र मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के साथ-साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देहरादून जनपद की सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 लाख 80 हजार 800 मतदाता पंजीकृत हैं। प्री-एसआईआर अभियान के अंतर्गत 16 मई तक 11 लाख 1 हजार 437 मतदाताओं, अर्थात 79.77 प्रतिशत की मैपिंग पूर्ण की जा चुकी है।

# युवा नेता डिमरी के प्रयासो से पीड़ित परिवार को मिली राहत राशि



प्रधानमंत्री राहत कोष की सहायता और पत्नी को रोजगार मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष -मोहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** टिहरी जनपद के कोटी-चंबा मोटरमार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले रुद्रप्रयाग जनपद के लड़ियासू गांव निवासी राहुल के परिवार को आखिरकार प्रशासनिक राहत मिल गई है। लगातार उठती जनभावनाओं और युवा नेता मोहित डिमरी की मुखर पहल के बाद शनिवार को प्रशासन हरकत में आया और तहसील प्रशासन की टीम स्वयं गांव पहुंचकर मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक राहुल की पत्नी को सौंप गई। यह मदद ऐसे समय में पहुंची है जब राहुल के निधन के बाद पूरा परिवार गहरे आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहा था। राहुल परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, जो होटल में नौकरी कर अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी, छह माह के मासूम बच्चे और छोटे भाई-बहनों का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार की स्थिति उस समय और अधिक दयनीय हो गई जब हादसे के बाद अन्य मृतकों के परिजनों को सहायता राशि वितरित कर दी गई, लेकिन राहुल के परिवार को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा।

प्रशासन की इस संवेदनहीनता के खिलाफ रुद्रप्रयाग विधानसभा से पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं युवा नेता मोहित डिमरी खुलकर मैदान में उतरे। उन्होंने लड़ियासू गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार का दुख-दर्द साझा किया और सरकार व प्रशासन से तत्काल राहत देने की मांग उठाई।


## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013

CIN नंबर:- U67190MH2008PLC187552

### मांग सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित।

यह कि अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (TCHFL)** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा नियमों के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित तिथि के अनुसार विस्तृत मांग नोटिस पूर्व में जारी कर चुका है, जिसके द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतकर्ता (सभी को पृथक-पृथक अथवा संयुक्त रूप से "दायित्वकर्ता" कहा गया है) / नीचे सूचीबद्ध कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संबंधित मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान किया गया था। उक्त नोटिसों की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं तथा अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि यदि चाहें तो किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित नोटिस की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के संबंध में, उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को पुनः यह सूचना दी जाती है कि वे संबंधित नोटिसों की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उनके संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि का भुगतान TCHFL को करें, साथ ही नीचे स्तंभ (d) में उल्लिखित संबंधित तिथियों से भुगतान की तिथि और/अथवा वसूली तक, ऋण अनुबंध तथा अन्य किसी भी निष्पादित दस्तावेज/लिखत के अनुसार देय अतिरिक्त ब्याज का भी भुगतान करें। ऋण की विधिवत पुनर्भुगतान की सुरक्षा के रूप में, **निम्नलिखित सुरक्षित संपत्तियां संबंधित दायित्वकर्ता/दायित्वकर्ताओं द्वारा TCHFL के पक्ष में बंधक रखी गई हैं।**

| ऋण खाता संख्या | देनदार(ओं) / विधिक उत्तराधिकारी (यों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) का नाम | नीचे उल्लिखित तिथियों के अनुसार कुल बकाया देय राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि एवं एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL095400100354473 एवं TCHIN095400100355334 | श्री भानुप्रताप (उधारकर्ता) एवं श्रीमती दुर्वेश कुमारी (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 06/05/2026 के अनुसार, ऋण खाता संख्या TCHHL0954000100354473 के अंतर्गत रु. 12,79,637/- (रुपये बारह लाख उन्यासी हजार छह सौ सैंतीस मात्र) की राशि आपके द्वारा देय एवं भुगतान योग्य है तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0954000100355334 के अंतर्गत रु. 72,721/- (रुपये बहत्तर हजार सात सौ इक्कीस मात्र) की राशि आपके द्वारा देय एवं भुगतान योग्य है अर्थात कुल मिलाकर रु. 13,52,358/- (रुपये तेरह लाख बावन हजार तीन सौ अट्ठावन मात्र) | 06-05-2026 एवं 04-05-2026 |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** संपत्ति के समस्त भाग एवं खंड : 25x30 फीट अर्थात 69.70 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का प्लॉट, जो खाता संख्या 00054, खेत संख्या 193A मिन पर **स्थित, ग्राम कोठा में स्थित, तहसील रुद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, तथा विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएं :** पूर्व- 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम**- संजीव का प्लॉट, **उत्तर**- 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, **दक्षिण**- विक्रेता की भूमि। | | | |
| TCHHL071800100005500 एवं TCHHF071800100006446 | श्री ईश्वर दयाल शर्मा (उधारकर्ता) एवं श्री विकास शर्मा एवं सुश्री रीना शर्मा (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 11/05/2026 के अनुसार, ऋण खाता संख्या TCHHF0718000100006446 के अंतर्गत रु. 10,34,564/- (रुपये दस लाख चौंतीस हजार पांच सौ चौंसठ मात्र) की राशि आपके द्वारा देय एवं भुगतान योग्य है तथा ऋण खाता संख्या TCHHL0718000100005500 के अंतर्गत रु. 10,72,716/- (रुपये दस लाख बहत्तर हजार सात सौ सोलह मात्र) की राशि आपके द्वारा देय एवं भुगतान योग्य है अर्थात कुल मिलाकर रु. 21,07,280/- (रुपये इक्कीस लाख सात हजार दो सौ अस्सी मात्र) | 11-05-2026 एवं 06-05-2026 |
| **सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** आवासीय प्लॉट के समस्त भाग एवं खंड (51'-10"x40'), क्षेत्रफल 2073 वर्ग फुट अर्थात 192.65 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 212(A) मिन में सम्मिलित, **ग्राम भवन सिंह नवार में स्थित, तहसील लालकुआं, जिला नैनीताल (उत्तराखंड) , तथा विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएं : पूर्व-** गंगा देवी की भूमि, **पश्चिम-** जीतू बिष्ट की भूमि, **उत्तर-** गंगा देवी की भूमि, **दक्षिण-** 14 फीट चौड़ा रास्ता। | | | |

*उपर्युक्त उल्लिखित संबंधित मांग नोटिसों में विशेष रूप से उल्लिखित दर के अनुसार देय आगे का ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/अथवा वसूली की तिथि तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि सहित। यदि उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि उपर्युक्तानुसार TCHFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो TCHFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के अंतर्गत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त खर्च एवं परिणामों का जोखिम पूर्णतः उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों का होगा।

उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत, TCHFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) को बिक्री, पट्टे अथवा किसी अन्य प्रकार से हस्तांतरित करने से निषिद्ध किया जाता है। अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने या उल्लंघन में सहायता करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिनियम में प्रावधानित कारावास एवं/अथवा दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**दिनांक : 17-05-2026**
**स्थान : देहरादून**

**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,**
**कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**


# डेंगू दिवस पर गोष्ठी का आयोजन, बताए रोकथाम के उपाय



15 जून तक चलेगा डेंगू रोकथाम माह, डेंगू से बचाव को होंगी विभिन्न गतिविधियां,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में डेंगू रोग की रोकथाम व नियंत्रण के दृष्टिगत डेंगू रोकथाम माह शुरू हो गया है। जिसके तहत विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में आयोजित गोष्ठियों में डेंगू रोकथाम हेतु जरूरी ऐहतियाती कदम उठाने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने कहा कि हर वर्ष 16 मई का दिन राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि डेंगू रोग का संचरण काल प्रमुखत: माह जुलाई से माह नवंबर तक रहता है। स्वास्थ्य विभाग आमजन को डेंगू से सुरक्षित रख सके इसके दृष्टिगत डेंगू रोकथाम व नियंत्रण हेतु 16 मई से 15 जून तक डेंगू रोकथाम माह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू रोकथाम का सबसे अच्छा उपाय यह है कि डेंगू रोग फैलाने वाले मच्छर के लार्वा पनपने की संभावनाओं को नष्ट किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि लार्वा निरोधात्मक कार्यवाही (सोर्स रिडक्शन), चिन्हित स्थलों पर फागिंग, डेंगू से बचने के लिए जरूरी व्यवहार अपनाने को लेकर जागरूकता गतिविधियां की जाएं। उन्होंने कहा कि डेंगू रोधी माह के अंतर्गत आशा कार्यकत्री प्रत्येक दिन 10 से 15 घरों में भ्रमण कर डेंगू रोग के कारण, बचाव व उपाय के बारे में जानकारी दें। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब ने कहा कि आकस्मात तेज सिर दर्द, बुखार होना, मांसपे. शियों तथा जोड़ों में दर्द होना, शरीर में लाल चकते आना इसके लक्षण हैं। स्वास्थ्य उपकेंद्र खांखरा, कांडई बच्छणस्यूं, बाढब, चोपड़ा, मचकंडी आदि स्थानों पर आयोजित जागरूकता गोष्ठियों में एएनएम व सीएचओ द्वारा बताया कि रूके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रही है।

गोष्ठियों में डीएसओ डॉ. कुणाल चौधरी, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र सिंह रावत, डीसी आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, डीसीएम आशा हेमलता गैरोला, आरबीएसके मैनेजर सुमन जुगराण, काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल, शोसल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी, डीपीसी मुकेश बगवाड़ी, एमएनओ नागेश्वर बगवाड़ी, डीईओ कलम सिंह, सतीश नौटियाल, अनुपमम रावत आदि मौजूद रहे।

# मसूरी की सड़कों के सुधारीकरण कार्यों का जोशी ने किया निरीक्षण



मसूरी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी पहुंचकर विभिन्न क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों एवं सड़कों के सुधारीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका परिषद मसूरी के अधिकारियों को सड़कों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री जोशी ने लंढौर बाजार में हो रहे भू-धसाव क्षेत्र का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद मसूरी को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्ग के ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि लंढौर बाजार क्षेत्र में लगभग 26 लाख रुपये की लागत से मार्ग का ट्रीटमेंट किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि मोतीलाल नेहरू मार्ग एवं मॉल रोड पर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित कर दिया गया है और जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत को लेकर किए गए आह्वान का उल्लेख करते हुए जनता से ऊर्जा संरक्षण में सहयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर उन्होंने उप जिला चिकित्सालय मसूरी का निरीक्षण कर अस्पताल में कर्मचारियों की कमी पर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से संचालित हो सकें। इस दौरान पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, पालिका अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन, लोक निर्माण विभाग के ईई राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देशों के बाद कोटद्वार स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी कोटद्वार द्वारा शुक्रवार को शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया।

पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया गया था। उस दौरान ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में किए गए निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद निर्माण कार्यों में तेजी आई है तथा कार्य त्वरित गति से संचालित किए जा रहे हैं। अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में स्टेडियम में चल रहे सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को मई माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। परिसर स्वच्छ एवं व्यवस्थित पाया गया तथा शौचालयों की स्थिति भी संतोषजनक मिली, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत इमलीखेड़ा जनपद-हरिद्वार ( उत्तराखण्ड )

पत्रांक: 115/र0ज0पा0/2026-27 दिनांक: 15 मई, 2026

**अल्पकालीन ई०-निविदा सूचना**

नगर पंचायत इमलीखेड़ा जिला-हरिद्वार द्वारा देवभूमि रजत जयन्ती पार्क योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत इमलीखेड़ा में सम्बंधित श्रेणी में पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों से निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु दिनांक 01-06-2006 को दोपहर 02:00 बजे तक (टू-बिड सिस्टम में) ई0-निविदा के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो इसी दिनांक को अपराहन 03:00 बजे गठित समिति की देख-रेख में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख रू में ) | धरोहर धनराशि ( रू में ) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य + GST 18% अतिरिक्त | निविदा की वैधता | कार्य करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत आर्हता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | नगर पंचायत इमलीखेड़ा में देवभूमि रजत जयन्ती पार्क-2 का निर्माण कार्य। | 65.95 लाख | 1,31,900/- | 4000 + G.S.T. | 30 दिन | 06 माह | "ए" क्षेणी |

निविदा प्रपत्र की उपलब्धता एवं जमा करने का माध्यम:- निविदा/बिड प्रपत्र उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे एवं ऑनलाइन ही जमा किये जायेंगे। निविदादाता के पास किसी एक डिजीटल हस्ताक्षर अभिप्रमाणन अधिकारी द्वारा जारी हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डी0एस0सी0) होना अनिवार्य है। निविदादाता को तकनीकी निविदा हेतु वांछित दस्तावेज क्रम संख्या 01 से 09 तक मूल रूप में हार्ड कॉपी निविदा खोलने से पूर्व निर्धारित दिनांक तक पंजीकृत डाक अथवा दस्ती इस कार्यालय में जमा कराने होंगे अन्यथा उनकी तकनीकी बिड खोलने पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गये प्रपत्रों के समय पर इस कार्यालय में प्राप्त न होने की दशा में भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत इमलीखेड़ा में निहित होगा।

**( मन्जू चौहान )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इमलीखेड़ा, हरिद्वार।**

**( मनोज कुमार )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत इमलीखेड़ा, हरिद्वार ।**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, बागेश्वर

पत्रांक:– 714/सिं0ख0बा0/निविदा/2026–27 दिनांक 16.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 01/अधि0अभि0/सिंखबा/2026–27 दिनांक 16.05.2026**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरवंद निविदा उत्तराखण्ड सिंचाई विभाग, में पंजीकृत निम्नांकित अथवा उनसे उच्च श्रेणी के ठेकेदारों द्वारा दिनांक 02.06.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.05.2026 से दिनांक 01.06.2026 तक सांय 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा से सम्बंधित विवरण/शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से 04:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में देखे जा सकते है। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि पंजीकरण की प्रमाणित प्रति एवं निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जी0एस0टी0 सहित देकर निविदा प्रपत्र कय कर सकते हैं। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | धरोहर धनराशि रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना मद के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड बागेश्वर मे चौरा नहर एवं फील्ड गूल के जीर्णोद्वार कार्य | 1500+GST | 51000.00 | 5 माह | "ई" व उच्चतर श्रेणी |
| 2 | जिला योजना मद के अन्तगत जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड बागेश्वर में बैड़ीमाधव वार्ड के मेहनरबूगा डुबकिया तोक के अनु0जाती परिवारों व बस्ती में बाढ़ सुरक्षा का कार्य (एस0सी0एस0पी0) | 1500+GST | 33000.00 | 4 माह | "ई" व उच्चतर श्रेणी |

**अधिशासी अभियन्ता,**
**सिंचाई खण्ड, बागेश्वर**

## हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने ई-कोर्ट लाइब्रेरी व सोलर प्लांट का किया उद्घाटन

# न्याय व्यवस्था को समय के अनुरूप तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की जरूरत : जस्टिस मैठाणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखण्ड नैनीताल हाईकोर्ट के रविन्द्र मैठाणी आज रुड़की सिविल कोर्ट, रामनगर पहुंचे, जहां अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिसर स्थित सभागार में आयोजित स्वागत समारोह के उपरांत जस्टिस मैठाणी ने ई-कोर्ट लाइब्रेरी एवं सोलर प्लांट का उद्घाटन किया।

उत्तराखण्ड नैनीताल हाईकोर्ट के जस्टिस रविन्द्र मैठाणी ने कहा, "न्याय व्यवस्था को समय के अनुरूप तकनीकी रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। ई-कोर्ट लाइब्रेरी जैसी पहल से अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी न्याय देने में सहायता मिलेगी। सोलर ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है उन्होंने कहा कि वक्त के साथ न्यायापालिका को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने के लिए कदम उठाते रहने चाहिए। और वक्त के साथ साथ



चलना चाहिए ताकि जल्द न्याय मिल सके। एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने कहा, "रुड़की बार सदैव न्यायिक सुधार और आधुनिक सुविधाओं के पक्ष में रही है। जस्टिस मैठाणी का मार्गदर्शन हमें न्यायिक कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है।"कार्यक्रम का संचालन एडीजे प्रथम अंबिका पंत ने किया। इस अवसर रुड़की एडवोकेट एसोसिएशन के सचिव पंकज राठी, बार काउंसिल सदस्य राव मुनफैत अली, सुखपाल सिंह, हिमानी बौरा, पूर्व अध्यक्ष अतुल शर्मा, लिल्लू सिंह, प्रवीण तोमर, पूर्व सचिव राव नवेद

**❖रुड़की सिविल कोर्ट में जस्टिस मैठाणी का किया शानदार इस्तकबाल**

आलम, अनित चौधरी सुधीर शर्मा, रितेश पंवार,अमित कुमार, रिफाकत अली, महबूब हसन,धिरेन्दर पाल, कल्याण सिंह,विपीन चौधरी,राव फैजान,अबूलीन, मुदस्सिर आलम, सुशील थपलियाल,अजय शर्मा, विनोद शर्मा,तासीर, परमवीर,निलम, खुशनुमा खुशी एंड, सुशीला गुप्ता,मुरसलीन अंसारी, जिसान,सलमान,रविन्द्र पहलवान एंड, जफरूद्दीन,जावेद फारूख आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## कलियर विधायक हाजी फुरकान की कोशिशें के बाद

# दरगाह क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ा मस्जिदों का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक पिरान कलियर में लंबे समय से लंबित पड़े मस्जिदों के निर्माण कार्यों को लेकर आखिरकार कार्रवाई शुरू हो गई है। दरगाह क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर विधायक हाजी फुरकान अहमद लगातार शासन और प्रशासन स्तर पर प्रयासरत थे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद इन कार्यों के लिए धनराशि जारी कर दी है। दरगाह साबिर पाक के विकास कार्यों को लेकर विधायक फुरकान अहमद की मेहनत रंग लाई है। इससे पहले विधायक ने आरोप लगाया था कि दरगाह प्रबंधन स्तर पर विकास परियोजनाओं की फाइलें लंबे समय से रोकी जा रही हैं, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने दरगाह क्षेत्र की जर्जर व्यवस्थाओं और अधूरे विकास कार्यों को लेकर उप सचिव ,अल्पसंख्यक कल्याण सचिव, जिलाधिकारी हरिद्वार से कई बार मिलकर विकास कार्यों को कराने की मांग की थी।लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई थी। इसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी हरिद्वार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अब जाकर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हुई है।दरगाह कार्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार रेलवे स्टेशन सराय की मस्जिद और दरगाह ईमाम साहब की मस्जिद का पुन: निर्माण,दरगाह साबिर पाक की साबरी जामा मस्जिद और दरगाह किलकिली साहब की मस्जिद की मरम्मत के कार्यों की धनराशि जारी की गई है।इन निर्माण कार्यों के लिए प्रथम चरण में करीब 12 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।इन सभी निर्माण कार्यों का ग्रामीण निर्माण विभाग ने प्रस्ताव बनाकर भेजा था। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हैं।उन्होंने कहा कि दरगाह साबिर पाक में देश-विदेश से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं और जर्जर भवनों के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग पर दरगाह प्रशासन ने दरगाह के अंतर्गत आने वाली मस्जिदों के पुन: निर्माण और मरम्मत के लिए प्रथम चरण की धनराशि जारी कर दी है।

# लक्सर पुलिस ने दबोचे तीन फरार वारंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत लक्सर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार, लक्सर पुलिस ने न्यायालय से जारी आदेशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए शनिवार को क्षेत्र से तीन फरार वारंटियों का गिरफ्तार कर लिया है न्यायालय के आदेश पर पुलिस की मुस्तैदी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित वारंटों को तामिल कराने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में प्रभारीनिरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए दिनांक 16 मई 2026 को थाना लक्सर क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से तीन वारंटियों को धर दबोचा। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैमोहित पुत्र कर्मसिंह (निवासी: ग्राम ढाढेकी, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार)दीपक सिंह पुत्र तेल्लूराम (निवासी: पीतपुर, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वारविश्वास पुत्र सोमपाल (निवासी: ग्राम कुआखेडा, थाना कोतवाली लक्सर, जनपद हरिद्वार)इस सफलतापूर्वक की गई कार्रवाई में मुख्य रूप से निम्नलिखित पुलिसकर्मी शामिल रहे:उ0नि0 कर्मवीर सिंह का0 अरुण कुमार कपिल देव प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# लक्सर क्षेत्र बना अवैध खनन माफियाओं का गढ़

## तहसीलदार ने पकड़ी अवैध खनन से भरी चार ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली

**विनित भैया**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र वर्तमान समय में अवैध खनन माफियाओं का गढ़ बन गया है। तथा सुबह-सुबह व पूरी रात ओवरलोड वाहनों की भरमार रहती है। रात्रि दस बजे के बाद नगर के बीचो-बीच से खनन सामग्री से लदे ओवरलोड वाहन पुलिस के सामने ही लाइन लगाकर निकलते है तथा पुलिस मुकदर्शक बनी रहती है। हालांकि शुक्रवार की रात को लक्सर तहसीलदार ने हिम्मत जुटाते हुए अवैध खनन से लदे चार ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर सीज किए है। तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई से खन माफियाओ मे खलबली मच गई है। लक्सर क्षेत्र में खासकर रायसी, बालावाली व भोगपुर क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का धंधा जोरों पर है। तथा अवैध खनन से भरे हुए वाहनों की आवाजाही और नो एंट्री जोन में ओवरलोडेड वाहनों की भरमार हो रही है, मगर ओवरलोड प्रतिबंध के बावजूद भी ओवरलोड वाहनों पर पुलिस और प्रशासन की चुप्पी खनन माफियाओ से मिली भगत होने की बात साबित कर रही है। हालांकि पुलिस और प्रशासन द्वारा अदा कदा अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही भी सामने आ रही है। मगर लक्सर तहसील क्षेत्र प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन और ओवरलोडेड वाहनों की आवाजाही का जैसे अड्डा बन गया है। दिलचस्प बात यह है कि क्षेत्र में जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती भी दिन और रात दोनों वक्त देखी जा रही है, मगर खनन माफियाओं द्वारा अपनी गतिविधियों को कानून से बेखौफ होकर



अंजाम दिया जा रहा है। विदित हो कि देर शाम से लेकर सुबह करीब पांच बजे तक लक्सर क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद सड़कों पर अवैध खनन से भरे हुए और ओवरलोड वाहनों की लाइन लगी देखी जा सकती है। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता और मुस्तैदी के बावजूद भी खनन माफियाओं का हौसला कुछ इस कदर बुलंद है कि उन्हे ना तो पुलिस और कानून का कोई खौफ है और ना ही सरकारी मानकों की कोई परवाह है वह बेफिक्र होकर ओवरलोड वाहनों द्वारा खनन सामग्री ले जाने में मस्त है तथा पुलिसकर्मी मुकदर्शक बने रहते है।

**❖पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम दे रहे खनन माफिया**

**❖सुबह-सुबह व रात को खूब दौड़ते देखे जा सकते हैं अवैध खनन से भरे ओवरलोड वाहन**

हालांकि शुक्रवार की रात को लक्सर के नवनियुक्त तहसीलदार दीवान सिंह राणा ने हिम्मत जुटाते हुए अवैध खनन से लदे चार ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर सीज किए है। इससे खनन माफियाओ में हड़कंप मच गया है।

### अवैध खनन पर होगी कड़ी कार्रवाई

कई दिनों से क्षेत्र में अवैध खनन होने की सूचना उन्हे मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना मिलते ही शुक्रवार की रात को लक्सर-रायसी मार्ग पर छापा मारकर अवैध खनन से लदी ओवरलोड चार ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर सीज की गई है। खनन माफिया के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**दीवान सिंह राणा, तहसीलदार लक्सर**

# वीरता व स्वाभिमान के प्रतीक पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हिंदू हृदय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर गंगनहर किनारे स्थित उनकी प्रतिमा पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान के साहस, पराक्रम और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद किया गया।

महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल पुंडीर एडवोकेट ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान (पृथ्वीराज तृतीय) 12वीं सदी के महान राजपूत



सम्राट थे, जिन्होंने अजमेर और दिल्ली को अपनी राजधानी बनाकर उत्तर-पश्चिम भारत के विशाल भूभाग पर शासन किया। वे अपनी अदम्य वीरता, उत्कृष्ट सैन्य कौशल और मोहम्मद गौरी के खिलाफ ऐतिहासिक प्रतिरोध के लिए सदैव स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर वीर सम्राट के आदर्शों पर चलने और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर गोपाल सिंह, यशवंत सिंह चौहान, भोजराज सिंह पुंडीर, राजीव राणा (भलस्वा गाज) सहित क्षत्रिय समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वातावरण "वीर पृथ्वीराज अमर रहें" के जयघोष से गूंज उठा।

# विजिलेंस टीम ने बीस बिजली चोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्र के बेलड़ा और केल्हनपुर गांव में शुक्रवार को ऊर्जा निगम और विजिलेंस टीम के संयुक्त छापे से हड़कंप मच गया। देहरादून से पहुंची विजिलेंस टीम ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बेलड़ा गांव से 12 और केल्हनपुर गांव से आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत ने बताया कि छापे के दौरान टीम ने देखा कि कई ग्रामीण खुलेआम केबल डालकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। अधिकारियों ने मौके पर ही अवैध कनेक्शन हटाते हुए चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे केबल और अन्य सामान को कब्जे में ले लिया। अचानक हुई कार्रवाई से दोनों गांवों में अफरा-तफरी मच गई।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SANGITA GOEL से बदल कर SANGEETA GOEL रख लिया है भविष्य में मुझे SANGEETA GOEL के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा, लिखा जाए।

SANGEETA GOEL D/0 SURESH CHAND GUPTA- W/O YATEENDRA KUMAR GOEL नि. म.नं. 299/9 सोलानीपुरम रुड़की, जिला हरिद्वार

# दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महिला एवं बाल अपराधों पर हरिद्वार पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति जारी है। इसी के तहत दहेज हत्या के आरोपी को रुड़की पुलिस ने धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार वादी मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद हसन निवासी ग्राम जबरदस्तपुर, कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार द्वारा अपनी पुत्री की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में तहरीर दी गई। आरोप लगाया गया कि दहेज की मांग को लेकर विपक्षियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण उसकी पुत्री की मृत्यु हुई। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 101/2026 अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लंढौरा चौक से आरोपी अबू बकर पुत्र ताहिर निवासी ग्राम गढ़ी सांगीपुर थाना लक्सर, हाल निवासी ग्राम जोरासी जबरदस्तपुर, कोतवाली रुड़की को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गये आरोपी के विरुध्द विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय रूडकी जिला हरिद्वार**

वाद सं. 25- सन 2009 ई.

प्रीतम बनाम चंद्रहास आदि

अंतर्गत धारा 34/35 एलआर एक्ट मौजा नूरपुर परगना मंगलौर तह. रूडकी जिला हरिद्वार

1. विनोद कुमार, 2. मनोज, 3. अनुज कुमार पुत्रगण स्व. चंद्रहास, 4. श्रीमती इमरती पत्नी स्व. श्री चंद्रहास निवासीगण नूरपुर तह. रूडकी जिला हरिद्वार को तामिल हेतु उक्त वाद में प्रतिवादीगण को तामिल नहीं हो पायी है अत: इस नोटिस सूचना प्रकाशन के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 30.05.2026 को अपने पक्ष पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित होवे। अगर सूचना प्रकाशन उपरांत भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह मानते हुए कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। न्यायालय द्वारा समूचित आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

**तहसीदार (रूडकी)**

# समारोह में गए युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** समारोह में गए युवक पर गांव के ही दो भाइयों ने चाकू और लाठी से हमला कर दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के नगला खिताब गांव निवासी प्रमोद ने तहरीर में बताया था कि उनके पुत्र मिंटू के दोस्त आजाद की शादी की वर्षगांठ थी। आजाद के निमंत्रण पर मिंटू समारोह में शामिल होने उसके घर गया था। गांव के अन्य लोग भी यहां मौजूद थे। समारोह के दौरान आरोपी प्रसिद्ध व आर्तिक छत से होते हुए नीचे आए। आरोपी आर्तिक ने जान से मारने की नीयत से मिंटू के सीने पर चाकू से वार कर दिया। प्रसिद्ध ने उसके ऊपर लाठी से कई वार किए। छाती के निचले हिस्से में चाकू लगने से मिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्य शिविर में हुई 223 मरीजों की जांच

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा ब्लॉक के अहतमालपुर टोडा कल्याणपुर स्थित पंचायत घर में शुक्रवार को संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में जनरल ओपीडी के तहत 223 मरीजों की जांच की गई जबकि 68 महिलाओं ने स्त्री रोग विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ लिया। एएनसी जांच के दौरान 15 गर्भवती महिलाओं का चेकअप किया गया जिनमें सात हाई रिस्क गर्भवतियां चिह्नित हुईं। इनमें एक नई हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का मामला भी सामने आया। शिविर में लोगों को आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। टीकाकरण अभियान के तहत 12 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 53 बच्चों एवं किशोरों की जांच की गई। वहीं गैर संचारी रोगों की जांच के तहत 130 लोगों की स्क्रीनिंग की गई और 39 लोगों के एक्स-रे किए गए। इसके अलावा 223 लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राव अकरम ने कहा कि संस्थागत प्रसव मां और नवजात शिशु की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है।

## झबरेड़ा पुलिस ने किया 3 वर्षीये मासूम के अपहरण का खुलासा

# एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार, बच्चा सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भगतोवाली झबरेड़ा निवासी अमरेश कुमार द्वारा कोतवाली झबरेडा में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनका तीन वर्षीय बच्चा शादी के दौरान अचानक गायब हो गया है। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। मामले को संजीदगी से लेते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक झबरेड़ा द्वारा उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई।

मामले का पता चलते ही एसएसपी नवनीत सिंह ने टीम गठित करते हुए बच्चे की जल्द सकुशल तलाश करने के निर्देश जारी करते हुए पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल को सोप सर्विलांस हेल्प के लिए सीआईयू प्रभारी रुड़की को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गठित पुलिस टीम ने अपहृत बच्चे की बरामदगी के लिए विभिन्न माध्यम से प्रयास कर सीसीटीवी फुटेज/ कॉल डिटेल/ लोकेशन जुटाने के साथ ही मुखबिर तंत्र की सहायता से दिनांक 15/05/2026 को एक संदिग्ध गरजा उर्फ गजे पुत्र मक्कू सिंह निवासी शकरपुर थाना कस्बा पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उस से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपहरण की बात स्वीकारते हुए अपने दो अन्य साथी का नाम बताया। बालक की बरामदगी हेतु



प्रकाश मे आये अन्य आरोपियों की तलाश मे पुलिस टीम सकरपुर गांव से पुरकाजी रोड एलबीएस भट्टे के पास पहुंची तो एक व्यक्ति बच्चे को लेकर खडा दिखा। पुलिस टीम को देखकर वह व्यक्ति बालक को छोडकर मौके से भाग गया। पास जाने पर ये बात पुख्ता हुई कि यह वही बच्चा था जिसका अपहरण किया गया था। बच्चे को सकुशल बरामद कर वापस हरिद्वार लाया गया। अभियुक्त के विरुद्धआवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है पुलिस द्वारा बच्चे की सकुशल बरामदगी से कस्बा व ग्राम भक्तों वाली के लोगों द्वारा पुलिस की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है।

# आगामी मानसून को देखते हुए झबरेड़ा नगर पंचायत का नाला सफाई अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेडा में आगामी मानसून की बारिश को देखते हुए कस्बे में होने वाली जल भराव की समस्या न होने पाए इसी के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा कस्बे मैं नाली तथा नालों की सफाई करने के लिए पर्यावरण मित्रों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि साफ सफाई के मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा बरसात के पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पर्यावरण मित्रों को स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कस्बे में छोटी नाली से लेकर बड़े नालो तक सभी की सफाई व्यवस्था ढंग से की जाए ।ताकि बरसात के पानी की निकासी के लिए कोई समस्या ना हो। अध्यक्ष ने बताया कि कस्बे में दोनों समय पर्यावरण मित्रों द्वारा सफाई की जाती है सफाई के साथ-साथ कूड़ा उठाने वाली ट्रैक्टर ट्राली द्वारा भी दोनों समय कस्बे से कूड़ा उठाया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी नाली में गंदा पानी इकट्ठा ना हो पाए इसका भी विषय ध्यान



रखा जाना है। गंदे पानी में कई प्रकार के कीड़े जन्म लेते हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियां फैलती है इससे निजात पाने के लिए सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कस्बे में नालियों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर जारी है।

# जब अफसर खुद बने मिसाल: साइकिल से दफ्तर पहुंचे तिवारी

## सूचना महानिदेशक ने खुद से की 'नो व्हीकल डे' की शुरुआत

■ विभाग के कई अधिकारी अलग-अलग तरीकों से पंहुचे कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सिर्फ आदेश जारी करना आसान होता है, लेकिन खुद उस रास्ते पर चलकर उदाहरण पेश करना अलग बात है। उत्तराखंड शासन में अपर सचिव मुख्यमंत्री, महानिदेशक सूचना और एमडीडीए उपाध्यक्ष जैसे अहम दायित्व निभा रहे बंशीधर तिवारी ने आज वही कर दिखाया, जिसकी अपील वे लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों से कर रहे हैं।

शनिवार को बंशीधर तिवारी सहस्त्रधारा रोड स्थित अपने आवास से रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय तक साइकिल से पहुंचे। यह सिर्फ दफ्तर पहुंचने का तरीका नहीं था, बल्कि ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जिम्मेदार प्रशासन का एक मजबूत संदेश भी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊर्जा बचत आह्वान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सूचना विभाग में प्रत्येक शनिवार "नो व्हीकल डे" मनाने का निर्णय लिया गया है।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग और साइकिल जैसे विकल्प अपनाने की अपील की है। एमडीडीए में भी उनके नेतृत्व में "तेल बचाओ मुहिम" शुरू की गई है, जिसके तहत ईंधन बचत, सीमित बिजली उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने इस पहल को केवल बैठकों और फाइलों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि खुद साइकिल चलाकर यह साबित किया कि बदलाव की शुरुआत हमेशा खुद से होती है। देहरादून जैसे तेजी से बढ़ते शहर में, जहां ट्रैफिक और प्रदूषण बड़ी चुनौती बन चुके हैं, वहां एक वरिष्ठ अधिकारी का यह कदम केवल प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी है। छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव बनते हैं और बंशीधर तिवारी की यह पहल उसी सोच की एक मजबूत तस्वीर है।



### छोटे-छोटे प्रयास लाते हैं सामूहिक रूप से बड़े सकारात्मक बदलाव: तिवारी

**देहरादून।** ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना विभाग में शनिवार को श्नो व्हीकल डेश मनाया गया। शासन के निर्देशों के क्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, साइकिल तथा पैदल कार्यालय पहुंचकर इस पहल में सहभागिता की। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी स्वयं साइकिल से सूचना निदेशालय पहुंचे। वहीं अपर निदेशक सार्वजनिक परिवहन से दफ्तर पहुंचे इसके साथ अन्य अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक स्कूटी, साइकिल का उपयोग कर इस अभियान को सफल बनाया। महानिदेशक सूचना ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इस पहल को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। संयुक्त निदेशक सूचना के.एस. चौहान अपने आवास से पैदल चलकर कार्यालय पंहुचे जबकि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज शुक्ला ई-स्कूटी से सूचना निदेशालय आए।

# यूआरसीएमएस पोर्टल से राशन कार्ड सेवाएं हुई ऑनलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत सरकार की स्मार्ट पीडीएस योजना के अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (यूआरसीएमएस) पोर्टल लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब नागरिक घर बैठे नया राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने-हटाने तथा अन्य संशोधन कार्य आसानी से कर सकेंगे।

सरकार द्वारा पुराने आरसीएमएस (रेशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल को आधुनिक तकनीक और सरल प्रक्रियाओं के साथ अपडेट कर यूआरसीएमएस पोर्टल तैयार किया गया है, जिससे आम नागरिकों को अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अब नए राशन कार्ड बनवाने अथवा पुराने राशन कार्ड में संशोधन कराने के लिए लोगों को दफ्तरों या राशन की दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर सीधे सिटिज़न लॉगइन के माध्यम से आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।यदि कोई व्यक्ति नया राशन कार्ड बनवा रहा है तो उसे आधार कार्ड आधारित ओटीपी सत्यापन के माध्यम से लॉगिन करना होगा। वहीं पुराने राशन कार्ड धारकों को किसी भी संशोधन के लिए राशन कार्ड के मुखिया के पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करना अनिवार्य होगा। ओटीपी सत्यापन के बाद राशन कार्ड में आवश्यक संशोधन किए जा सकेंगे। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर सक्रिय होना आवश्यक है।जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने बताया कि शासन द्वारा आरसीएमएस पोर्टल को यूआरसीएमएस पोर्टल में परिवर्तित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। अब राशन कार्ड धारक घर बैठे नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करने के साथ-साथ पुराने कार्ड में संशोधन भी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नए राशन कार्ड के आवेदन के लिए नागरिक तहसील एवं जिला पूर्ति कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से राशन कार्ड संबंधी सेवाएं अधिक पारदर्शी और सरल होंगी।

**पुराने राशन कार्ड धारकों से ई-केवाईसी कराने की अपील:** जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने सभी पुराने राशन कार्ड धारकों से समय रहते ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि 30 मई से पहले सभी राशन कार्ड धारक "मेरा ई-केवाईसी" ऐप के माध्यम से घर बैठे आसानी से अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लें।

### नए राशन कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज

सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रतिलिपि, पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र, मुखिया के पैन कार्ड की प्रतिलिपि, बिजली बिल की प्रतिलिपि, मुखिया की बैंक पासबुक की प्रतिलिपि, गैस बुक की प्रतिलिपि

### राशन कार्ड को एक दुकान से दूसरी दुकान ट्रांसफर कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज

प्रार्थना पत्र, बैंक पासबुक की प्रतिलिपि, गैस बुक की प्रतिलिपि, बिजली बिल की प्रतिलिपि, राशन कार्ड की प्रतिलिपि

# प्रदेश में 90 जाति / उपजाति समुदाय ओबीसी की सूची में शामिल: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओ.बी.सी संसदीय समिति सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओ.बी.सी वेलफेयर के लिए राज्य में विधिक और संस्थागत व्यवस्था है। विभिन्न योजनाओं के पॉलिसी रिव्यू, फीडबैक और फॉलोअप के माध्यम के योजनाओं का लाभ प्रत्येक ओबीसी परिवार को पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 90 जाति / उपजाति समुदाय ओबीसी की सूची में हैं। जिनके विकास के लिए राज्य सरकार, प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य की नीति और बजट को गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं को जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंच रही है।इस दौरान ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी की ओर से अध्यक्ष सांसद गणेश सिंह एवं अन्य सांसद विजय बघेल, डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी (साक्षी महाराज), विद्युत बरन महतो, रोडमल नागर, रमाशंकर विधार्थी राजभर , डॉ अशोक कुमार यादव, गिरधारी यादव, मस्तान राव यादव बीड़ा , राजेंद्र गहलोत, शुभाशीष खूंटिया, मयंक कुमार नायक एवं डॉ. भीम सिंह मौजूद रहे। इस दौरान संयुक्त सचिव लोकसभा अतुल आनंद, उप सचिव लोकसभा पुनीत भाटिया, मुख्यमंत्री के अपर सचिव मनमोहन मैनाली, जोनल मैनेजर पी.एन.बी अनुपम एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



■ ओ.बी.सी वेलफेयर के लिए राज्य में विधिक और संस्थागत व्यवस्था: धामी ■ ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

# जनजातीय समाज के विकास को उठाए कई ऐतिहासिक कदम: सीएम

## कहा, भारत की आन, बान व स्वाभिमान के अमर प्रतीक थे महाराणा प्रताप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नानकमत्ता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता में आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नानकमत्ता साहिब की पावन धरती, जहां गुरुओं का आशीर्वाद सदैव बना रहता है, वहां महाराणा प्रताप जैसे महान राष्ट्रनायक का स्मरण करना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ के शासक नहीं थे, बल्कि भारत की आन, बान और स्वाभिमान के अमर प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग, संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायी गाथा है, जो आज भी हर भारतीय को ऊर्जा और गौरव से भर देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने थारू समाज की परंपराओं, लोकगीतों, लोकनृत्यों और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को उत्तराखंड की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और समग्र विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, वन धन योजना, जनजातीय विकास मिशन और अन्य योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी जनजातीय समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अटल आवास योजना के अंतर्गत आय सीमा को व्यावहारिक बनाया गया है तथा आवास निर्माण सहायता बढ़ाई गई है। उधम सिंह नगर में इस योजना के तहत लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से भी बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार लाभान्वित हुए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों और आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। खटीमा में बालिका छात्रावास के लिए 4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि बाजपुर में 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विद्यालय एवं छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। गदरपुर में 100 बेड का छात्रावास भी बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका मिशन और वन धन केंद्रों के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं को 1 करोड़ रुपये से अधिक की चक्रीय निधि और 8 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पूर्व नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

कार्यक्रम में विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा,जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना, खटीमा रमेश चंद्र जोशी,दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू,फरजाना बेगम, रवींद्र सिंह राणा,ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा,नंदन सिंह खड़ायत,जीवन सिंह राणा, रमेश चंद्र जोशी, भास्कर सम्भल,संगीता राणा, रविंद्र राणा,पुष्पेंद्र राणा, ओम नारायण,गोपाल दत्त जोशी,धर्म सिंह,राजपाल सिंह,बलदेव सिंह, रंजीत सिंह, दारा सिंह,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल,उप जिलाधिकारी तुषार सैनी,गौरव पांडे,हिमांशु काफलतिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।



■ नानकमत्ता में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# माँ वाराही धाम का पुनर्निर्माण बनेगा आस्था व पर्यटन का नया केंद्र : धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद चम्पावत के ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध माँ वाराही शक्तिपीठ धाम, देवीधुरा पहुँचकर मंदिर के नवनिर्माण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि माँ वाराही धाम केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि धाम का विकास इसकी पौराणिक गरिमा एवं मूल स्वरूप को अक्षुण्ण रखते हुए किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक अनुभूति भी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि माँ वाराही धाम आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने माँ वाराही मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

उल्लेखनीय है कि लगभग ₹15 करोड़ की अनुमानित लागत से माँ वाराही मंदिर के भव्य नवनिर्माण कार्य को चार खाम सात थोक एवं माँ वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा आगामी दो से तीन वर्षों में पूर्ण किया जाएगा।

मंदिर निर्माण में राजस्थान के विशेष नक्काशीदार पत्थरों का उपयोग किया जाएगा, जबकि मंदिर की स्थापत्य कला एवं शिल्प कार्य गुजरात के विशेषज्ञ कारीगरों की देखरेख में संपन्न होंगे।

निरीक्षण के दौरान जगदीश चंद्र गहतोड़ी 'नवनीत' ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित निपुण भारत अभियान से संबंधित अपनी पुस्तक "निपुण का संगीत" मुख्यमंत्री को भेंट की।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, माँ वाराही मंदिर समिति के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, समिति अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



■ धाम का होगा भव्य एवं दिव्य कायाकल्प, धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

# धारी देवी पर्यटन सर्किट के निर्माण में लायें तेजी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन धारीदेवी-कमलेश्वर-देवलगढ़-खिर्सू-क्यूँकलेश्वर-पौड़ी पर्यटन सर्किट के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही पैठाणी स्थित राहु मंदिर के कार्यों को भी युद्ध स्तर पर करने को कहा गया है ताकि देश-विदेश के पर्यटक यहां के पर्यटन सर्किट का लुत्फ उठा सके।

सूबे कैबिनेट मंत्री व श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को अपने शासकीय आवास पर पैठाणी स्थित राहु मंदिर व धारीदेवी कमलेश्वर देवलगढ़-खिर्सू क्यूँकलेश्वर-पौड़ी पर्यटन सर्किट के विकास कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने पैठाणी स्थित राहु मंदिर परिसर में घाट निर्माण, पार्किंग व हैलीपैड के निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने धारी देवी, देवलगढ़, खिर्सू व कण्डोलिया पौड़ी पर्यटन सर्किट को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धारी देवी, खिर्सू, क्यूंकालेश्वर व कण्डोलिया के कार्य लगभग पूर्ण कर दिये गये हैं। जबकि कमलेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार का कार्य गतिमान है, इसी प्रकार देवलगढ़ में भी पर्किंग हेतु भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

बैठक में अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रोहिल्ला, एमडी गढ़वाल मंडल विकास निगम कुसुम चौहान, अधीक्षण अभियंता आरडब्ल्यूडी तेजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



■ समीक्षा बैठक में राहू मंदिर को पर्यटन सर्किट में जोड़ने के दिये निर्देश ■ कहा, पर्यटकों को आकर्षित करने में सहायक बनेंगे पयर्टन सर्किट

# कृषि विभाग में मंगलवार को होगा 'नो व्हीकल डे'

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सचिव कृषि को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत को लेकर की गई अपील को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के लिए कृषि विभाग से जुड़े सभी विभागों में व्यापक स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि "मेरा भारत, मेरा योगदान" अभियान के अंतर्गत आंशिक 'वर्क फ्रॉम होम' प्रणाली को बढ़ावा देने तथा सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" के दिन डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देकर कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल सके।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए कि कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि विपणन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उद्यान एवं फलोद्योग तथा रेशम विकास विभाग सहित समस्त संबद्ध विभागों में डिजिटल कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित किया जाए। विभागीय बैठकों, पत्राचार एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों में अधिकतम डिजिटल माध्यमों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे अनावश्यक आवागमन में कमी लाई जा सके।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं और ऊर्जा बचत को जनआंदोलन का रूप देने में सहयोग करें।



■ कृषि मंत्री जोशी ने दिए निर्देश

# उत्तरकाशी में महसूस हुए भूकंप के झटके




**उत्तरकाशी।** जनपद उत्तरकाशी के जिला मुख्यालय में देर रात हल्के भूकंप की झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र जनपद मुख्यालय से उत्तर-पूर्व में चार किमी दूर जमीन के पांच किमी नीचे था।

जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार अन्य किसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत भूकंप की झटके महसूस नहीं हुए। वहीं, किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है।

# महाराज ने कराया चारधाम यात्रियों का 10 करोड़ का बीमा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई व ग्रामीण निर्माण मंत्री एवं आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का अपनी संस्था मानव उत्थान सेवा समिति के माध्यम से यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 10 करोड़ की धनराशि का बीमा करवाकर सेवाकर सहित बीमा प्रीमियम की धनराशि 3 लाख 67 हजार 995 का चैक प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी एवं भाजपा युवा नेता सुयश रावत भी मौजूद रहे।

महाराज ने चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपनी संस्था मानव उत्थान सेवा समिति के माध्यम से 10 करोड़ की धनराशि का बीमा करवाकर सेवाकर सहित बीमा प्रीमियम की धनराशि 3 लाख 67 हजार 995 का चौक शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा। उन्होंने कहा कि चारों धामों में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानव उत्थान सेवा समिति ने पिछले साल की तरह इस बार भी बीमा सुविधा दी है। इसके तहत प्रत्येक धाम का दुर्घटना बीमा 2.50 करोड निर्धारित किया गया है।



■ अपनी संस्था मानव उत्थान सेवा समिति के माध्यम से कराया बीमा ■ महाराज ने मुख्यमंत्री धामी को सौंपा 367995 की धनराशि का चैक

### भगदड़, ईश्वरीय जोखिम से प्रभावित प्रत्येक श्रृद्धालु को दी जाएगी एक लाख की राशि

**देहरादून।** पर्यटन मंत्री महाराज ने बताया कि बीमा पॉलिसी के अनुसार मंदिर परिसर में भगदड़, ईश्वरीय जोखिम और आतंकवाद जोखिम पर प्रभावित प्रत्येक श्रृद्धालु को एक लाख की राशि दी जाएगी। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि श्रृद्धालु यात्रा में आने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। आवश्यक दवाएं और उपकरण साथ रखें। यात्रा के दौरान सरकार की गाईड लाईन और दिशा निर्देशों का पालन अवश्य करें।




प्रयागराज। भीषण गर्मी के दिन में लोगों को राहत देने के लिए पानी का छिड़काव करता नगर निगम का वाटर स्प्रिंकलर ट्रक।

## कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला का प्रकोप, डब्ल्यूएचओ पहुंचा रहा राहत सामग्री

**किन्शासा/ब्राजाविल।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बुंडिबुग्यो के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वहां की सरकार को दी जाने वाली सहायता को तेजी से बढ़ा रहा है। कांगो की राजधानी किन्शासा में स्थित देश की रेफरेंस लैब, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (आईएनआरबी) द्वारा किए गए लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि इटुरी प्रांत के मोंगबवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में गंभीर बीमारी और मौतों के एक समूह से जुड़े संदिग्ध मामलों से लिए गए 13 नमूनों में से 8 में इबोला का प्रकोप बुंडिबुग्यो प्रजाति के कारण हुआ था।

# नीदरलैंड में बोले मोदी, भारत अवसरों की भूमि

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से निवेश और सहयोग का किया आह्वान



■ भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: पीएम

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी के भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए नीदरलैंड में भारतीय समुदाय से भारत में निवेश तथा सहयोग बढाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विकसित भारत की यात्रा में वैश्विक भारतीय समुदाय की बड़ी भूमिका होगी। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार रात यहां पहुंचे मोदी ने शनिवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने उन लोगों को दोनों देशों के संबंधों की असली ताकत तथा जीवंत सेतु करार दिया और कहा कि सरकार ने सूरीनामी हिदुस्तानी समाज के लिए ओसीआई कार्ड पात्रता चौथी पीढ़ी से बढ़ाकर छठी पीढ़ी तक कर दी है। मोदी ने आर्थिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और लो. कतांत्रिक उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा उन लोगों से भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के नेताओं ने हमेशा भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा की है और यहां रह रहे भारतीय डच समाज के लोग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक जड़ों की सराहना करते हुए कहा कि पीढ़ियां बदलने और देशों की सीमाएं बदलने के बावजूद भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति, त्योहार और परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय केवल प्रवास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कृति और प्रगति की जीवंत मिसाल है। भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे जबकि आज यह संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में अब 'डिजाइन्ड इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' चिप्स का उत्पादन शुरू हो रहा है। उन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक ढांचा विकसित कर चुका है। उन्होंने कहा कि हर महीने भारत में 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं, जो वैश्विक डिजिटल लेन-देन का आधे से अधिक हिस्सा है। वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच दुनिया विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर 'विश्वसनीय, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख' आपूर्ति श्रृंखला विक. सित कर रहे हैं। उन्होंने हरित हाइड्रोजन, जल सुरक्षा और व्यापारिक सहयोग को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते से भारत-नीदरलैंड साझेदारी और मजबूत होगी तथा भारतीय व्यवसायों के लिए यूरोप में प्रवेश का प्राकृतिक द्वार नीदरलैंड बनेगा।

## ट्रम्प के बाद अब पुतिन चीन की यात्रा की तैयारी में

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा की समाप्ति के तुरंत बाद रूस ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के 19 मई से दो दिन के लिए चीन जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। पुतिन सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिका. रिक यात्रा पर होंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 'व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत' बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक करेंगे। वह बीजिंग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ आर्थिक और व्यापारिक सहयोग पर भी बात. चीत करेंगे। रूस की समाचार एजेंसी तास की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दोनों देशों के बीच 2001 में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय 'सद्भावना और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि' की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# चीनी विदेश मंत्री ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी

## चीन-अमेरिका टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है: वांग ई



■ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते

■ चीन और अमेरिका के बीच संबंध ) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह

■ शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकता है।

चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित होगा, जबकि सहयोग से कई ऐसे महान परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनसे दोनों देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमे. रिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते। मंत्री ने आगे कहा कि (चीन और अमेरिका के बीच संबंध) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह। चीन के शीर्ष राजनयिक ने बताया कि शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बात. चीत हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग ई ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने गहन चर्चा की और फलदाई परिणाम प्राप्त किए। बैठक में औपचारिक वार्ता और स्वागत भोज के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान और छोटे पैमाने पर दौरे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि 'चीन-अमेरिका संबंधों की नाव' को चलाने में शी और ट्रम्प का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। ट्रम्प ने 13-15 मई को चीन की राजकीय यात्रा की।

## ताइवान को 12 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ताइवान को 12 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों की आपूर्ति का मुद्दा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दी जाने वाली लगभग 12 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ट्रम्प ने इसे चीन के साथ बातचीत और सौदेबाजी के लिए एक 'बहुत अच्छा टूल' बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं इसे रोक रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है। सच कहूं तो, यह हमारे लिए बातचीत का एक बहुत अच्छा जरिया है। इसमें बहुत सारे हथियार हैं। इसमें 12 अरब अमे. रिकी डॉलर के बहुत सारे हथियार हैं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चीन में उनकी बातचीत से ताइवान के प्रति अमेरिकी नीति पर कोई असर नहीं पड़ा है। ट्रम्प ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने चीन और ताइवान दोनों से तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा कि ताइवान और चीन दोनों के लिए थोड़ा शांत रहना समझदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि उन्हें ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मतभेदों के पूर्ण पैमाने के संघर्ष में बदलने का कोई खतरा नहीं दिखता।

## आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाक

■ 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। डान अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है।

इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है। पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष आडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलाजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी।

# ईरान के साथ युद्धविराम पाक के अनुरोध: ट्रम्प

## पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया



■ मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया: ट्रम्प

**एयर फोर्स वन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रम्प ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है-यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया। ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुए वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपि. ंग अपने देश की जरूरतों के हिंसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं-मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।

## यूएई ने ईरान के खिलाफ हमलों में हाथ होने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नई दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानक. ारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है।

# मालदीव में इटली के 5 गोताखारों की मौत

## समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला



**माल।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है।

खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मो. निका मोंटेफाल्कोने, जार्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'ड्यूक आफ यार्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी याट पर बोट आपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलाजिस्ट और यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा में ट्रापिकल मरीन इकोलाजी और अंडरवाटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मानिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जार्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलाजिस्ट और इकोलाजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलाजी और इकोलाजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

## आईएसआई के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

■ अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले: वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन आईएसआई के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से आईएसआई के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानक. ारी अभी सामने नहीं आई है। आईएसआई का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था।

## ओपेक से बाहर निकलना एक रणनीतिक फैसला: संयुक्त अरब अमीरात

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है। मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

## 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार



■ अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमे. रिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रायर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं।

## अमेरिका में उत्पादन करे और अमेरिकियों को नौकरी दे चीन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन अमेरिका से टैरिफ से बचना चाहता है, तो उसे अमेरिका में कारखाने लगाने चाहिए और अमेरिकियों को नौकरी देनी चाहिए। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अगर चीन यहां आकर टैरिफ से बचना चाहता है, तो यहां उत्पादन करने पर ज्यादातर अमेरिकी लोगों को ही नौकरी मिलेगी। अगर वे टैरिफ से बचना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही उत्पादन करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चीन के साथ पहले घोषित समझौते के तहत ऑर्डर किए गए बोइंग विमानों की संख्या 750 तक पहुंच सकती है। अमेरिकी नेता के अनुसार, पहले बीजिंग ने 200 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति जताई थी, हालांकि चीन ने अभी तक इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

## नाइजीरिया ने भी की आईएसआईएस आतंकी अबू बिलाल की मौत की पुष्टि

**अबूजा।** नाइजीरिया-अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। लेक चाड बेसिन में स्थित आतंकवादी ठिकाने पर किए गए इस सटीक प्रहार में अल-मिनुकी के साथ उसके कई साथी भी मारे गए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनूबू ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर इस बेहद साहसी अभियान को अंजाम दिया है।



# विजय थलापति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन

### फैन ने कहा-थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**चेन्नई।** थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं। तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म करुप्पु की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा कि थलापति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है। इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, कंदीपा जरूर। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। तृषा की फिल्म करुप्पु सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म करुप्पु के लिए सुबह 9 बजे के मार्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मार्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था। इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं। शपथ ग्रहण समारोह में तृषा ने विजय के परिवार से मुलाकात की और उनकी मां से गले मिलीं। वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरना. लिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने अपनी तलाक याचिका में पति विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। कि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

## कान्स में गूंजा लालो का नाम, गुजराती सिनेमा ने रचा नया इतिहास



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो ने कान्स में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। फिल्म की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती सिनेमा को नई पहचान दिलाई है। लालो कान्स तक पहुंचने वाली उन शुरुआती गुजराती फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने क्षेत्रीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा, मिट्टी से जुड़ी सच्ची कहानियों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली कहानियों को दुनिया भर में मिल रही पहचान का उत्सव है। फिल्म की टीम ने दर्शकों के लगातार प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से यह खास सफर संभव हो सका।

निर्देशक अंकित साखिया ने कहा, लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते का कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व और बेहद भावुक कर देने वाला पल है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस फिल्म ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है।

## प्रीति जिंटा की बातों से प्रभावित हैं सोनम बाजवा, अभिनेत्री की तारीफ की





**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम बाजवा अपनी नई पंजाबी फिल्म शपिट सियापाश को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट किया है। उन्होंने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से हुई मुलाकात के बारे में बात की है और तारीफ की है। सोनम बाजवा को आईपीएल 2026 के कई मैचों में पंजाब किंग्स के लिए चीयर करते देखा गया है। सोनम बाजवा ने प्रीति जिंटा को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रीति के बारे में बात करते हुए, सोनम ने का श्वह उन सबसे खूबसूरत और हसीन महिलाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है। मैंने उनकी पहली फिल्म से ही उन्हें फालो किया है।

एक एक्ट्रेस के तौर पर उनका सफर देखा है। अब, मैं एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी उनका सफर देख रही हूं। वह आईपीएल टीम को लीड कर रही हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा श्मैं कल ही किसी से बात कर रही थी कि प्रीति का एक्टिंग करियर कितना शानदार रहा है। सही समय पर, उन्होंने इस आईपीएल टीम में निवेश किया और यह टीम कमाल कर रही है। सोनम ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए पंजाब किंग्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा उनकी टीम काफी अच्छा कर रही है। पंजाब की टीम भी काफी अच्छा कर रही है। इसलिए, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को हाल ही में मुंबई इंडियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसे मिलाकर टीम की यह पांचवी हार है। आईपीएल 2026 सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए टीम अब 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर है। प्लेआफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

## पुष्कर जोग ने कान्स डेब्यू में सभी का दिल जीता

**मुंबई।** अभिनेता पुष्कर जोग ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना दमदार डेब्यू किया और अपनी मौजूदगी से सबका दिल जीत लिया। पुष्कर जोग ने इस ग्लोबल मंच पर महाराष्ट्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया। कान्स में दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे और नामी चेहरे मौजूद थे। इस इंटरनेशनल चमक-दमक के बीच पुष्कर जोग ने अपनी अलग पहचान बनाई और मराठी सिनेमा के लिए एक खास पल दर्ज किया। पहली बार आइकॉनिक रेड कार्पेट पर उतरते ही पुष्कर ने अपने सिपल लेकिन स्टाइलिश लुक से सबको इंप्रेस कर दिया। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज, लोगों से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और चेहरे पर साफ दिखती खुशी ने उन्हें फेस्टिवल के यादगार इंडियन चेहरों में शामिल कर दिया। अपना अनुभव शेयर करते हुए पुष्कर ने कहा, पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर चलना सच में किसी सपने जैसा है।

## अक्षय की वेलकम टू द जंगल का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार के अल्ट्रा-स्टाइलिश पोस्टर के बाद अब टीजर ने भी फिल्म के मजेदार माहौल की झलक दे दी है, जिसे देखकर फैंस अक्षय कुमार को एक बार फिर उनके सबसे पसंदीदा कॉमेडी अवतार में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वेलकम टू द जंगल पूरी तरह से कॉमेडी और अफरा-तफरी से भरी एक ऐसी दुनिया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका होने वाला है। ज्यादा स्टार्स, ज्यादा कन्फ्यूजन, ज्यादा कॉमेडी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ यह फिल्म दर्शकों को इंटेंस सिनेमा से एक मजेदार ब्रेक देने का वादा करती है। क्लासिक कॉमिक टाइमिग और साफ-सुथरे पारिवारिक मनोरंजन का वही पुराना चार्म इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेगा। फिल्म में कलाकारों की एक शानदार टोली नजर आएगी, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ,




परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली शामिल हैं।

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION UGC NET, Ph.D
SALARY As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108